RNI-UPHIN/2009/30721

**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 33 डिग्री
न्युनतम तापमान 29 डिग्री
**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 32 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री

शनिवार 31 मई 2025
सूर्योदय प्रातः 05 :24 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 16 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 महिला वोटर और लाडली बहन पॉलिटिक्स

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 16 | अंक : 225 | गाजियाबाद, शनिवार 31 मई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946









## अंकिता हत्याकांड में मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों को उम्र कैद की सजा

✷ वेबवार्ता. कोटद्वार ✷



उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का एलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनायी।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने आज सजा का एलान किया। भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्या के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए दोनों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवनीश नेगी के अनुसार तीनों को हत्या का दोषी करार दिया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। उल्लेखनीय कि वर्ष 2022 में अंकिता हत्याकांड सामने आया था।

अंकिता ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्सनिष्ट के पद पर तैनात थी। वह 18 सितम्बर, 2022 को यकायक लापता हो गयी थी। दो दिन बाद 24 सितम्बर को उसका शव चीला बैराज से बरामद हुआ था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता पर लगा था।

इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में लोगों ने रोष व्यक्त किया था। प्रदेश सरकार ने भी मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंप दिया था। एसआईटी ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

अदालत के बाहर आज सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सुबह से ही अदालत परिसर में भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिये बेरिकेटिंग की व्यवस्था की, लेकिन भीड़ ने बेरिकेटिंग को तोड़ दिया। पुलिस ने हालांकि समय रहते भीड़ पर नियंत्रण पा लिया था।

## सीबीआई : रिश्वत के आरोप में ईडी का उप निदेशक गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने ओडिशा में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उप निदेशक चिंतन रघुवंशी को भुवनेश्वर के एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चिंतन रघुवंशी ने ढेंकानाल में पत्थर खनन का कारोबार करने वाले व्यवसायी रतिकांत राउत के खिलाफ दर्ज ईडी के एक मामले में उन्हें ''राहत'' दिलाने के एवज में कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को सूचना मिली थी कि अधिकारी राउत से कथित रिश्वत की पहली खेप लेने वाले हैं, जिसके बाद एजेंसी ने बृहस्पतिवार को एक जाल बिछाया।

सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार राउत ने एजेंसी से संपर्क किया था और शिकायत की थी कि उन्हें इस साल मार्च में भुवनेश्वर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया है कि रघुवंशी ने उन्हें अपने कक्ष में बुलाया और मामले में ''राहत'' पाने के लिए भगती नामक व्यक्ति से मिलने को कहा।

राउत ने जब इतनी बड़ी रकम जुटाने में अपनी असमर्थता जतायी तो भगती ने उनकी बात रघुवंशी से कराई, जिन्होंने मांग घटाकर दो करोड़ रुपये कर दी। उन्होंने बताया कि 2013 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी रघुवंशी को कथित तौर पर अभियान के दौरान पकड़ा गया और बाद में पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

## दिल्ली में हुई भारत–अमेरिका आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता




✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। यह भारत–अमेरिका आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता है, जिसका आयोजन 28 से 30 मई तक नई दिल्ली में किया गया।

भारतीय सेना के मुताबिक, इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य मौजूदा समय में चल रहे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करना है।

इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का मूल्यांकन, सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, अंतर-संचालन क्षमता को सशक्त बनाना और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करना भी इस वार्ता का उद्देश्य था। भारतीय सेना के मुताबिक, दोनों पक्षों ने वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में एक मजबूत भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है।

गौरतलब है कि इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल जे.बी. वॉवेल, डिप्टी कमांडिंग जनरल, यूएस आर्मी पैसिफिक ने 28वीं एग्जीक्यूटिव स्टीयरिंग ग्रुप (ईएसजी) बैठक के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि, उप सेनाध्यक्ष (VCOAS) से मुलाकात की थी। यह संवाद भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और आर्मी-टू-आर्मी सहयोग को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेना का कहना है कि हम मिलकर विश्वास, आपसी सहयोग और साझा रणनीतिक हितों की एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत विश्व के विभिन्न देशों के साथ अच्छे सामरिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध रखता है। जहां एक ओर शुक्रवार को अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता का यह दौर पूरा हुआ है, वहीं शनिवार से भारत और मंगोलिया की सेना एक संयुक्त सैन्य अभ्यास करने जा रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया में

## पीएम मोदी ने वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से की मुलाकात, युवा सितारे ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में अपनी धाक जमाई है। इस 14 वर्षीय बल्लेबाज ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से 7 आईपीएल मुकाबलों में 36 की औसत के साथ 252 रन बनाए हैं। इस दौरान सूर्यवंशी ने एक शतक और एक अर्धशतक जड़ा। राजस्थान रॉयल्स खिताबी रेस से बाहर है। टीम का अभियान 20 मई को ही समाप्त हो चुका है। इसलिए वैभव फिलहाल एक ब्रेक पर हैं। वैभव सूर्यवंशी हाल ही में पटना एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। खुद पीएम के 'एक्स' हैंडल पर मुलाकात की जानकारी दी गई है।

## भाजपा के पूर्व सहयोगी के कार्यक्रम में मंच साझा कर सकते हैं राहुल और पवार

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, 'राष्ट्रीय समाज पक्ष' के संस्थापक महादेव जानकर द्वारा शनिवार को अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में मंच साझा कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में 2016-19 में मंत्री रहे जानकर को 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा कथित तौर पर नजरअंदाज कर दिया गया, जिसके कारण उन्हें अपना राश्ता पार्टी से अलग करना पड़ा।

## जजों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए यूट्यूबर के विरुद्ध अवमानना कार्यवाही शुरू

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ के पत्रकार एवं यूट्यूबर अजय शुक्ला के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को अवमानना कार्यवाही शुरू की। शुक्ला ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए वीडियो में शीर्ष अदालत के कुछ न्यायाधीशों के खिलाफ ''कुत्सित'', अपमानजनक और निंदनीय टिप्पणी की थीं। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि आपत्तिजनक वीडियो को तुरंत हटा दिया जाए और चैनल को इस वीडियो या इसी तरह की विषय-वश्तु को पुनःप्रकाशित करने से रोक दिया जाए। इसने वरप्रद मीडिया के प्रधान संपादक शुक्ला को नोटिस भी जारी किया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने टिप्पणियों को 'बहुत गंभीर' बताया और इस मुद्दे का स्वतः संज्ञान लेने के लिए पीठ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री से मिले राहुल, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स से मुलाकात की, जिस दौरान दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने, साझा लोकतांत्रित मूल्यों तथा वैश्विक सहयोग से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस मुलाकात के दौरान लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने इस मुलाकात की तस्वीरें फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा, ''न्यूज़ीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से मिलना सुखद रहा।

## यूपी : गाजियाबाद में हिंडन नदी को स्वच्छ बनाने में जुटा जिला प्रशासन गंदे नालों से मिलेगी मुक्ति

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



जिला प्रशासन ने हिंडन नदी को स्वच्छ बनाने के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की है। शुक्रवार को गाजियाबाद के सीडीओ अभिनव गोपाल ने बताया कि गंदे नालों से मुक्त और स्वच्छ जल की ओर बढ़ते इस कदम से न केवल पर्यावरण को राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी साफ-सुथरे माहौल का लाभ मिलेगा।

सीडीओ अभिनव गोपाल ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि गाजियाबाद जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली हिंडन नदी को स्वच्छ बनाने के लिए अब जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। एक नई कार्ययोजना के तहत उन 13 गांवों की पहचान की गई है, जहां से गंदा पानी सीधा नदी में गिरता है।

उन्होंने बताया कि मुरादनगर ब्लॉक के सुराना, सुठारी, भदौली, कुन्हैड़ा, रेवड़ी, रेवड़ा, खोराजपुर, मतौर, नेकपुर, साबितनगर गांव से लोनी ब्लॉक के असालतनगर, फर्रुखनगर, भनैड़ा खुर्द, सिरोरा, सलेमपुर, मुर्तजा, भूपखेड़ी और रजापुर ब्लॉक के मकरेड़ा, महमूदाबाद गांव के पास के स्थल को चिन्हित किया गया है।

इन गांवों से दूषित पानी हिंडन नदी में बहाया जाता है। हरनंदी नदी को दूषित होने से रोकने के लिए 13 गांवों में ग्राम पंचायत के बजट से कार्य किया जाएगा। अभिनव गोपाल ने कहा, "इन गांवों में अब आधुनिक तकनीकों की मदद से तीन चरणों में पानी की सफाई की जाएगी।

इसके लिए गांवों में फिल्टर चैंबर, सिल्ट कैचर और फाइटो रेमेडिएशन सिस्टम बनाए जाएंगे। जैविक तरीके से सफाई के उपकरणों के जरिए नाले के पानी से कीचड़ और ठोस कचरा निकाला जाएगा और फिर पौधों के जरिए पानी की जैविक सफाई की जाएगी।"

सीडीओ ने बताया, "हर गांव में एक निगरानी समिति भी गठित की जाएगी, जो इन संरचनाओं की नियमित जांच और सफाई का काम देखेगी। प्रशासन की योजना के अनुसार, हर गांव में लगभग 75,000 रुपए खर्च कर साफ-सफाई के उपकरण लगाए जाएंगे।"

मुरादनगर क्षेत्र के एक गांव सुराना निवासी मूल चंद ने बताया कि पहले हिंडन का स्वरूप कुछ और था। नदी साफ-सुथरी थी। लोग और जीव-जंतु इसका पानी पिया करते थे, लेकिन समय के साथ अब हिंडन का पानी दूषित हो चुका है।

## गुजरात टाइटंस को 20 रन हराकर मुंबई इंडियंस दूसरे क्वालिफायर में पहुंची

✷ वेबवार्ता. मुल्लांपुर ✷

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में गुजराज टाइटंस को 20 रनों से हराकर दूसरे क्वालिफायर में प्रवेश कर लिया है। आज की रोहित शर्मा (81), जॉनी बेयरस्टो (47) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने यह करिशमा किया।

229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने कप्तान शुभमन गिल (एक) का विकेट गवां दिया। शुभमन को बोल्ट ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कुसल मेंडिस ने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट लिये 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस 10 गेंदों में (20) रन का शिकार किया। इसके बाद 14वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने वॉशिंगटन सुंदर 24 गेंदों में (48) रन को बोल्ड कर मुम्बई को तीसरी सफलता दिलाई। 16वें ओवर में रिचर्ड ग्लीसन ने साई सुदर्शन को बोल्ड कर मैच पर मुम्बई का दबदबा कामय कर दिया। साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (80) रनों की पारी खेली। 19वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ट ने शरफेन रदरफोर्ड 15 गेंदों में (24) रन का शिकार किया। शाहरुख खान (13) छठे विकेट के रूप में आउट हुए।

गुजरात टाइटंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 208 रन बना सकी और मुकाबला 20 रनों से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वहीं इस जीत के साथ मुम्बई ने दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश कर लिया है।

## मुर्मु ने 15 नर्सों को प्रदान किए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल , एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर) वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पी डी, कर्नाटक की डॉ बानू एमआर, मणिपुर की लीमापोकपम रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुडुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की के अलामेलु मंगयारकरसी और पश्चिम बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं।

राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से दिया जाता है। इसका उद्येश्य उत्कृष्ट नर्सिंग कर्मियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मान देना है।

## गोवा की संस्कृति, विरासत के संरक्षण के लिए पर्यटकों और निवासियों को साथ आना चाहिए : राष्ट्रपति

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को गोवा वासियों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी और कहा कि राज्य की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के लिए पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को मिलकर सतत पर्यटन को अपनाना चाहिए और स्थानीय समुदायों का सहयोग करना चाहिए।

गोवा को 30 मई 1987 को राज्य का दर्जा दिया गया था। यह राज्य पहले केंद्र शासित प्रदेश गोवा, दमन और दीव का हिस्सा था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राज्य स्थापना दिवस पर गोवा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं! गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सुंदर समुद्र तट, गर्मजोशी से भरा आतिथ्य और अन्य कई आकर्षण दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।''

उन्होंने कहा, ''पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को राज्य की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के लिए सतत पर्यटन को अपनाते हुए एक साथ आना चाहिए और स्थानीय समुदायों का सहयोग करना चाहिए।'' राष्ट्रपति ने कहा, ''गोवा राज्य निरंतर प्रगति करे और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देता रहे, यही मेरी कामना है।''

## सदी के अंत तक हिंदू कुश पर्वत से 75 फीसदी बर्फ पिघलने की आशंका : अध्ययन

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

अगर वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियर की बर्फ सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक कम हो सकती है। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों का उद्गम स्थल हैं जिनमें इन्हीं ग्लेशियर से पानी आता है और ये नदियां दो अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। एक नए अध्ययन में ये जानकारी सामने आई है।

विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि देश तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक श्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर सकें तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ संरक्षित रहेगी। अध्ययन में पाया गया कि इसके विपरीत अगर इस सदी के अंत तक दुनिया 2.7 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है, तो वैश्विक श्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक-चौथाई हिस्सा ही बचेगा।

अध्ययन में कहा गया है कि मानव समुदायों के लिए सबसे महत्वपूर्ण ग्लेशियर क्षेत्र जैसे कि यूरोपीयन आल्प्स, पश्चिमी अमेरिका और कनाडा की पर्वत श्रृंखलाएं तथा आइसलैंड विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित होंगे। दो डिग्री सेल्सियस तापमान पर ये क्षेत्र अपनी लगभग सारी बर्फ खो सकते हैं और 2020 के श्तर पर केवल 10-15 प्रतिशत ही बर्फ बची रह पाएगी।

स्कैंडिनेविया पर्वत का भविष्य और भी भयावह हो सकता है, क्योंकि इस श्तर के तापमान में वहां ग्लेशियर पर बर्फ बचेगी ही नहीं। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि 2015 के पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य तक तापमान को सीमित करने से सभी क्षेत्रों में कुछ ग्लेशियर बर्फ को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

विश्व के नेता शुक्रवार से शुरू हो रहे ग्लेशियरों पर पहले संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के लिए ताजिकिश्तान की राजधानी दुशांबे में एकत्रित हो रहे हैं। इसमें 50 से अधिक देश भाग ले रहे हैं, जिनमें 30 देशों के मंत्री श्तरीय या उच्च श्तर के अधिकारी शामिल होंगे।

एशियाई विकास बैंक के उपाध्यक्ष यिंगमिंग यांग ने दुशांबे में कहा, ''पिघलते ग्लेशियर अभूतपूर्व पैमाने पर जीवन को खतरे में डाल रहे हैं, जिसमें एशिया में दो अरब से अधिक लोगों की आजीविका भी शामिल है। ग्रह को गर्म करने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना ही ग्लेशियरों के पिघलने की गति को धीमा करने का सबसे प्रभावी तरीका है।'' व्रीजे यूनिवर्सिटी ब्रसेल में अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक डॉ. हैरी जेकोलारी ने कहा, ''हमारे अध्ययन से यह स्पष्ट हो गया है कि तापमान में मामूली वृद्धि भी मायने रखती है।

## कब्जा हटाने के नोटिस पर व्यापारी भड़के

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। नगर निगम ने व्यापारियों को किराये पर दी गईं दुकानों में हुए अतिरिक्त निर्माण को हटाने का नोटिस भेजा है। इसके विरोध में व्यापारियों ने शुक्रवार को कंपनी बाग स्थित पुराने बाजार में प्रदर्शन किया। पैदल मार्च निकालकर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। नगर निगम की 1702 दुकानों का किराया डीएम सर्किल रेट के हिसाब से बढ़ाने की प्रक्रिया चल रही। इसका व्यापारी विरोध कर रहे हैं। अब निगम उन व्यापारियों को नोटिस भेज रहा, जिन्हें नगर निगम द्वारा किराये पर दी गईं दुकानों पर हुए अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया है। ये नोटिस संपत्ति अधीक्षक की तरफ से व्यापारियों को भेजे जा रहे हैं। नोटिस में लिखा है कि नगर निगम ने जितने वर्गफुट के लिए किराये पर जगह आवंटित की है, यदि उससे अतिरिक्त निर्माण किया गया है तो उसे खुद तोड़ लिया जाए। नहीं तो निगम उसे तोड़ देगा। नोटिस के विरोध में शुक्रवार को व्यापारियों ने कंपनी बाग स्थित पुराने बाजार में प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों का आरोप है कि नगर निगम मनमानी करते हुए व्यापारियों को परेशान कर रहा। तभी ऐसे नोटिस भेजे जा रहे। बता दें कि नगर निगम की सिटी जोन में 1447, मोहननगर जोन में 95, कविनगर जोन में 105 और विजयनगर जोन में 28 दुकानें हैं।

## रास्ता मांगने पर युवक के साथ मारपीट, आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी में 24 मई को राश्ता मांगने पर दबंगों ने युवक की पिटाई कर दी। आरोप है कि राश्ता मांगने पर गाड़ी में सामान लोड कर रहे पिता, दो पुत्रों और उनके पांच साथियों ने युवक के साथ मारपीट की। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी निवासी विजय ने बताया कि 24 मई रात को वह बहन के साथ घर जा रहे थे। इस दौरान सड़क के बीच खड़े मालवाहक वाहन में कुछ लोग सामान लोड कर रहे थे। उन्होंने वाहन को साइड कर कार निकालने के लिए राश्ता मांगा तो वहां मौजूद अजय गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसके दो पुत्रों तरुण और तुषार ने उनके साथ मारपीट की। इस पर वह भाग कर पुश्ता पुलिस चौकी पहुंचे। बाद में घर लौटते समय तीनों आरोपी अपने पांच साथियों के साथ गली में खड़े थे। आरोप है कि सबने मिलकर उनके साथ दोबारा मारपीट की और धमकी देते हुए जेबसे दो मोबाइल भी निकाल लिए। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी फरार हो गए।

## पुराने विवाद की रंजिश में अधिवक्ता का हाथ तोड़ा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। नगर कोतवाली क्षेत्र में पुराने विवाद की रंजिश में हमला कर अधिवक्ता का हाथ तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई कर रही है। कैला भट्ठा मोती मस्जिद में रहने वाले रिजवान अली का कहना है कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। 29 मई की शाम करीब पांच बजे वह कचहरी से घर जा रहे थे। कैला भट्ठा में वह दुकान से सामान खरीदने के लिए रूके तो पहले से ही घात लगाकर बैठे आसिफ, कादिर, फिराजत आदि ने उन पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। उन्होंने अपने सिर को बचाने के लिए हाथ ऊपर किया तो आरोपियों ने लगातार डंडे बरसाकर उनका बायां हाथ तोड़ दिया। आसिफ और कादिर ने कहा कि पहले तो वह बच गए थे, लेकिन आज जिंदा नहीं छोड़ेंगे। रिजवान अली के मुताबिक आरोपी पूर्व में एक बार उन पर हमला कर चुके हैं। उसी विवाद की रंजिश में आरोपियों ने दूसरी बार उनके साथ वारदात की है। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर धमकी देते हुए मौके से चले गए। इसके बाद लोगों ने उन्हें किसी तरह पुलिस चौकी पहुंचाया। घटना के संबंध में रिजवान अली ने 29 मई को ही नगर कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

## किशोरी को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में परिजनों ने थाना साहिबाबाद में शिकायत दर्ज कराई है। किशोरी 27 मई की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के भाई ने दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उनकी 16 वर्षीय बहन 27 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई थी। काफी देर तक तलाश करने के बाद उन्हें, जानकारी मिली कि फरुखनगर निवासी एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने उक्त युवक के खिलाफ नामजद शिकायत दी है। सीओ साहिबाबाद ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## कुत्ते की मौत के बाद क्लीनिक में तोड़फोड़

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। बीमार कुत्ते की मौत के बाद उसके मालिक ने अन्य लोगों के साथ मिलकर पशुओं के क्लीनिक में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस बुलाने पर आरोपी फरार हो गए। घटना के संबंध में मधुबन बापूधाम पुलिस ने दो नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। विजेंद्र सिंह यादव का कहना है कि संजय नगर सेक्टर-23 स्थित विशाल मेगा मार्ट के पीछे उनका केनिन फेलिन क्रिटिकल केयर यूनिट नाम से क्लीनिक है। बीते दिनों एक बीमार कुत्ता क्लीनिक पर लाया गया। कुत्ता कम प्लेटलेट्स से पीड़ित था। हालत नाजुक होने के चलते उन्होंने कुत्ते को दिल्ली रेफर कर दिया था। आरोप है कि मालिक भानू कुत्ते को दिल्ली ले जाने की बजाय घर ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। विजेंद्र के मुताबिक, 28 मई की रात को भानू, अपने भाई आकाश और अन्य व्यक्ति के साथ नशे में क्लीनिक पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए क्लीनिक में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित का कहना है हि डायल-112 पर सूचना देने पर पुलिस की गाड़ी आ गई, जिसे देखकर आरोपी फरार हो गए।

# विडियो, टेलीग्राम चैनल से करोड़ों की ठगी, अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह के 6 गिरफ्तार

### कम्पनियों के फर्जी खाते खोल विदेश में बैठे साथियों की मदद से करते थे ठगी

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷



थाना साइबर क्राइम व स्वाट टीम ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके द्वारा फ्राड करके प्राप्त 301850/ रुपए नकद ,8 मोबाइल,2 लेपटॉप, 2 पेनकार्ड, 8 आधार कार्ड, 3 आधार कार्ड की छाया प्रति,3 शाओमी के वेब केम,2 ड्राइविंग लाइसेंस, 1 एचडीएफसी बैंक का चैक, 5 क्रेडिट कार्ड, 1 चैक बुक कोटक महिंद्रा बैंक आदि प्रपत्रों के साथ 17 लाख रुपए फ्रीज करायें गये तथा दो लाख रुपए वादी को उसके खाते में वापिस करायें गये है।

मालूम हो की 1 मई 2025 को वादी भूपेंद्र सिंह पुत्र श्री आसाराम निवासी ग्राम लालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर में साइबर थाना में सूचना दी थी कि भारतीय नौसेना से रिटायर्ड है तथा दो माह से वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में किसी अरुण कुमार व चित्रा नामक ग्रुप एडमिट ने जोड़कर उसको ट्रेडिंग में अच्छे लाभ की जानकारी देकर जोड़ लिया तथा इसी माध्यम से शेयर खरीदने बेचने को कहा गया।

इस पर विश्वास कर 10 मार्च 25 से 23 अप्रैल 25 तक 51 ट्रांजेक्शन के द्वारा 2 करोड़ 8 लाख 34 हजार 881 रुपए भेजे गए थे। शिकायतकर्ता का कहना है। वह पहले से ही शेयर मार्केट में निवेश कर रहे थे इस बीच व्हाट्सएप पर अनजान नम्बर से फ़ोन आया अपना नाम चित्रा माधवानी बताते हुए शेयर मार्केट एडवाइजर बताया तथा बड़ा फायदा कराने की बात कही तीन चार दिनों में अच्छा लाभ भी कराया विश्वास में आने पर व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर अलग-अलग रूपए लगवायें गये तथा कहा कि ये प्लान चार महीने चलेगा।

ठगों द्वारा भूपेन्द्र सिंह को फेंक मैसेज में 498 करोड़ रुपए लाभ दिखाया गया जब लाभ निकालनें की बात कही गई तो ठगों ने रुपए निकालने के लिए पहले 50 लाख जमा करने पर ही निकालें जाने की बात कही।

पूछताछ में अभियुक्त नासिर अली व दानिश ने पुलिस को बताया कि उनके साथी चार्ल्स, शमीम व एरिज विदेश में हैं जो टेलीग्राम चैनल के माध्यम से जानकारी देते हैं कि साथी नईम, मौहम्मद रजा हसन, अब्दुल्ला व विराट आयेंगे जिनकी होटल में रुकने की व्यवस्था करनी है। दानिश, अब्दुल्ला, नासिर सब मिलकर केवाईसी, खाते की जानकारी विडियो व टेलिग्राम के द्वारा करते थे।

अब्दुल्ला ने बताया कि मौहम्मद रजा,विराट व नईम फर्जी कम्पनियां बनाकर करंट एकाउंट तैयार करते थे इसमें लेन-देन की कोई लिमिट नही होती। हम समझते थे कि कम्पनियों का एकाउंट होने के कारण हमें पुलिस नही पकड़ पायेगी इसलिए दिल्ली के होटलों में बैठकर विदेश में बैठे साथियों की मदद से हमने यह काम किया है।

इस मामले में पुलिस ने नासिर अली पुत्र अकबर अली निवासी ए259 गली नं 4/5 चौहार बांगर सिलमपुर नार्थ ईस्ट दिल्ली, दानिश पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी टी 591गली नंबर 16 गोतमपुरी भजनपुरा नार्थ ईस्ट दिल्ली, नईम अहमद पुत्र यासीन खान निवासी मोहल्ला नागलिया नारायण शहनाई बैंकट हॉल के पास ठाकुरद्वारा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, मोहम्मद राजा हसन पुत्र मकसूदनल हसन निवासी 23 बड़ी एक्सटेंशन मार्ग के पास विलेज मुत्क्कीपुर अल्लू नगर दिगुरिया थाना मंडियाऊ लखनऊ, विराट पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार सिंह निवासी जमुना वाला ठाकुरद्वारा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, अब्दुल्ला पुत्र अब्दुल अज़ीज़ निवासी मोहम्मद अली वार्ड नंबर 24 निकट सिद्दीकी मेरीज हाल काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखंड को गिरफ्तार किया गया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷

क्षेत्र के ग्राम मिठन कुंवर प्रताप सिंह उर्फ मिठान निवासी शमशाद पुत्र बसीरूद्दीन ग्राम अम्हेडा से अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव आ रहा था।

जैसे ही उसकी बाइक नूरपुर बिजनौर खूनी हाईवे पर रुश्तमपुर की पुलिया के समीप आयी तो तेज़ रफ़्तार एक बेलेनो कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे शमशाद की मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने शमशाद का शव हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया।

पुलिस के समझाने एवं सीओ सिटी के पहुंचने तथा आश्वासन पर घंटों की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया बिजनौर नूरपुर मार्ग पर ग्राम सवार शमशाद पुत्र बसरूद्दीन उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम मिठान को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

मृतक शमशाद के परिजन एवं ग्रामीण द्वारा गिरफ्तारी एवं मुआवजा आदि की मांग को लेकर मृतक के शव को बिजनौर नूरपुर मार्ग रुश्तमपुर चौराहे पर सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकार द्वारा समझाने बुझाने के बाद के बाद उचित कार्यवाही के आश्वासन पर परिजनों ने जाम खोल दिया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## कश्मीरी के पास एसडीएम ने दो होटलों पर की छापामारी



✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

नहटौर के धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी पेट्रोल पंप के पास आमने सामने दो रेस्टोरेंट पर एसडीएम धामपुर रितु रानी ने छापेमार कार्रवाई करते हुए सील लगा दी। दोनों रेस्टोरेंट ओयो होटल के रूप में संचालित थे। दोनों होटल में कई जोड़े भी मिले। उन्हे पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र मे अवैध रूप से चल रहे ओयो होटलों की शिकायत लगातार मिलने के तहत शुक्रवार को उपजिला अधिकारी धामपुर रितुरानी, नायब तहसीलदार विजय कुमार,थाना अध्यक्ष नहटौर धीरज नागर पुलिस फोर्स के साथ नहटौर धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी पेट्रोल पंप के पास दो रेस्टोरेंट पर छापेमार कार्रवाई की।

दोनो रेस्टोरेंट ओयो होटल के रूप में संचालित थे।छापा मार कार्रवाई के दौरान दोनों होटल में कई जोड़े मिले। जिस पर पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया साथ ही उप जिलाधिकारी धामपुर द्वारा संचालकों से लाइसेंस व नक्शा मांगने पर न मिलने पर उन्होंने दोनों होटल को सील करने के निर्देश दिए इसी दौरान दोनों होटल पर सील की कार्रवाई की गई तथा दोनों होटल सील कर दिए गए की गई।

साथ ही इस दौरान संचालक मौके से भूमिगत हो गए तथा मौके पर कर्मचारी मिले तथा की कार्रवाई से हड़कम मच गया थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर उक्त मामले को उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर यह अभियान चलाया गया।

उपजिला अधिकारी धामपुर रितुरानी ने बताया कि अभियान के दौरान दोनों संचालकों पर नक्शा व लाइसेंस न मिलने पर दोनों होटल को सील कर दिया गया है।

## भारतीय प्रेस क्लब एसोसिएशन द्वारा धूमधाम से मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷





पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने कहा कि आज पत्रकार नहीं होंगे तो समाज में बदलाव कैसे आएगा। पत्रकार समाज का दर्पण है और देश का चौथा शतंभ है। पत्रकार समाज की आवाज बनकर समाज के विकास के लिए काम करे।

प्राप्त विवरण के अनुसार हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार सम्मेलन का आयोजन स्थानीय हिंदू इंटर कॉलेज के साहू रामस्वरूप मेमोरियल सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने अपने संबोधन में कहा की पत्रकार समाज का दर्पण होता है। उन्होंने कहा की अपने इलाके की स्थानीय समस्याओं को उजागर करना पत्रकार का कार्य है।

अगर वह अपनी स्थानीय समस्याओं को उजागर करें तो उनका इलाका तरक्की कर सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अशोक मधुप ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता एक जोखिम भरा काम बन चुका है।

उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जनपद बिजनौर के पत्रकारों से संबंधित है। पत्रकारों को चाहिए कि अपने जनपद के विकास के लिए सत्ता से सवाल करें और जनपद के विकास को आगे बढ़ाने का भी काम करें। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ पत्रकारिता ही समाज का भला कर सकती है। उन्होंने पत्रकारों से निडर होकर जनता के मुद्दों को उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सरकार से सवाल करना बड़ा जोखिम भरा काम हो चुका है। लेकिन पत्रकार नही पूछेगा तो कौन सवाल पूछेगा। वरिष्ठ पत्रकार तनवीर अंसारी ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए पत्रकारों को टेक्नोलॉजी के इस दौर में बदलते समाज के अनुसार खुद को ढालने और समाज को समर्पित पत्रकारिता करने की जरूरत है।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी नगीना आशुतोष जैसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अन्जनी कुमार चतुर्वेदी, संजीव शर्मा, हाशिम अहमद, अशरफ अली अमर उजाला नजीबाबाद, भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट वसीम वारसी, फहीम अंसारी, लियाकत मलिक, अंकुर कुमार, अक्षय चौहान, राकेश वर्मा, आदिल इरफान, मोहम्मद जीशान, जरीफ खान, रवि मलवा, एडवोकेट जावेद अहमद, बदर मुनीम, मकसूद उस्मानी, शेख असलम सिद्दीकी सहित बड़ी तादाद में पत्रकारों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में गणमान्य लोगों ने भी शिरकत की।

## SDM ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

शासन के निर्देशानुसार विकासखंड क्षेत्र आंकू की ग्राम पंचायत जलालपुर आसरा,खंडसाल मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

एसडीएम धामपुर रितु रानी ने ग्रामीणो की समस्या सुनी।शुक्रवार को आयोजित चौपाल मे ग्राम जलालपुर आसरा मे सफाई व जल भराव की समस्या के समाधान के लिए एडीओ पंचायत को टीम गठित करके सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने महिलाओं को नवजात शिशु को समय से निर्धारित लगने वाले टीकों को लगवाकर नवजात शिशु को स्वस्थ रखें।

शुक्रवार को ग्राम जलालपुर आसरा मे ग्राम चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे उप जिला अधिकारी धामपुर रितु रानी, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार विजय कुमार, थाना अध्यक्ष धीरज नागर, उपखंड अधिकारी विवेक विश्वकर्मा ब्लॉक के सभी एडीओ व ग्राम प्रधान वंदना प्रजापति सहित अन्य विभागों के अधिकारी बेसिक प्राइमरी विद्यालय में पहुंचे आयोजित चौपाल मैं खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दें।

साथ ही ग्रामीणों से योजनाओं की क्रियावन में पूर्ण सहयोग करने का तथा पात्र व्यक्ति योजना की जानकारी करके इसका लाभ उठाएं इस अवसर पर उप जिला अधिकारी धामपुर रितुरानी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

समस्या के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी को महिला पेंशन संबंधित समस्याओं का निश्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही गांव की पड़ी अधूरी सड़क को जिला अधिकारी के माध्यम से बजट मांगा कर शीघ्र ही सड़क बनवाए जाने का आश्वासन दिया तथा सफाई व्यवस्था के लिए एडीओ पंचायत के नेतृत्व मे सफाई कराने के निर्देश दिए।

पूर्ति विभाग से संबंधित आई शिकायत के लिए पूर्ति निरीक्षक को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। तथा बच्चों को शिक्षित बनाएं।दो पहिया वाहन यात्रा के दौरान हेलमेट अवश्य लगाई।

एक सड़क दुर्घटना परिवार के लिए एक समस्या खड़ी कर देगी साथ ही उन्होंने महिलाओं से आवाहन करते हुए कहा की नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाएं लगने वाला टीका सरकारी हॉस्पिटलों में लगवाएं जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान नहीं होगा।

उन्होंने गांव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां टीकाकरण का लक्ष्य शत प्रतिशत है। उन्होंने गांव के विकास में तथा योजनाओं के क्रियावन में ग्रामीण अपना पूर्ण सहयोग देकर गांव का विकास करें तथा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कोई सी भी बीमारी से संबंधित जानकारी लेकर उसका उपचार करें। इसके अलावा खंडसाल में भी चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौपाल का संचालन एडीओ ग्रामीण दीनदयाल ने किया।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

नगर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जोकि M.M इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बहुजन समाज से संबंधित महापुरुषों के बारे में प्रश्न पूछे गए जैसे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, संतों में संत रहे संत शिरोमणि गुरु रविदास जैसे महापुरुषों के जीवन संबंध से प्रश्न पूछे गए।

इस प्रतियोगिता में बहुजन समाज के 128 विद्यार्थी सम्मिलित रहे। जिसमें बालक वर्ग में 56 और बालिका वर्ग में 72 विद्यार्थी सम्मिलित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में किया गया जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग।

वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिव्यांशु सैनी द्वितीय स्थान मयंक कुमार और तृतीय स्थान निर्भय कुमार ने प्राप्त किया वहीं जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान शशांक कुमार द्वितीय स्थान माही वर्धन वही तृतीय स्थान सक्षम कुमार ने प्राप्त किया।

इसी प्रतियोगिता में SC/ST/OBC वर्ग के 70% इंटरमीडिएट तथा हाई स्कूल पास बच्चों को भी सम्मानित किया गया उसी के साथ बहुजन समाज के जिन बच्चों ने राज्य शतर मंडल शतर तथा जिला शतर खेल प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है।उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने नगर के पत्रकारो को किया सम्मानित

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷





नगर में आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की ओर से हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गुरूवार को मौहल्ला बांसफोडान मोटाआम स्थित आजाद समाज पार्टी के कैंप कार्यालय पर हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की ओर से एक सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकारो को खुर्शीद मंसूरी की ओर से फूल मालाए पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने सभी पत्रकारो को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे शतम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं ने समाज में जन जागरूकता के प्रसार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पत्रकार दिन भर भागदौड़ कर समाचार इक्ट्ठा करता है। भ्रष्ट लोगों के खिलाफ लिखता है। और समाज को जागरूक करता है। सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करना चाहिए। कार्यक्रम में हिन्दी पत्रकारिता के लिए पत्रकार इकबाल हिन्दुश्तानी, डाक्टर आफताब आलम, टीएस मलिक, गुलज़ार अहमद, नौशाद मुल्तानी, जकी मलिक, खिज़र अहमद, अल्ताफ रज़ा, शादाब जफर, अशरफ अली, नसीम उस्मानी, शाकिर अली, नासिर कुरैशी, सोनू आदित्य, अमित शर्मा, सरफराज अहमद, अक्की, मयंक कश्यप, सपना वर्मा, हिफ्जुर्रहमान फरीदी, राजवीर सिंह, विपिन ठाकुर, अंकित शर्मा, शाकिर शालू, चेतना गुप्ता, मुशर्रफ अली, आदि को चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने फूल मालाए पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभासद अच्छन राइन, फहीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## सेमी खेड़ा बरेली के प्रगतिशील किसानों ने द्वारिकेश मिल क्षेत्र में किया भ्रमण

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷




गन्ना आयुक्त लखनऊ के आदेशानुसार गन्ना का अधिक उत्पादन कराने हेतु प्रदेश की अन्य चीनी मिलों को जनपद बिजनौर की चीनी मिल क्षेत्र में प्रगतिशील किसानो को क्षेत्र का भ्रमण करने के निर्देश के अन्तर्गत किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड सेमी खेड़ा बरेली के 25 कृषकों के एक दल को द्वारिकेश शुगर मिल क्षेत्र का भ्रमण कराया गया।

इसी क्रम में कृषकों को क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी व रसूलपुर के कृषकों के कृषि फॉर्म का भ्रमण कराया गया किसानो द्वारा गन्ने की पेड़ी प्रबंधन उर्वरकों के प्रयोग मात्र एव समय पर चर्चा की गई भ्रमण पर आए किसानो द्वारा खेतों में खड़ी विभिन्न उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की फसल की प्रशंसा की गई।

द्वारिकेश शुगर मिल के महाप्रबंधक उमेश कुमार विशेन द्वारा पेड़ी प्रबंधन ट्रेस वल्चर के प्रयोग गैप फिलिंग, स्टेबल सेविंग चार-पांच फीट चौड़ाई पर गहरी ट्रेंच विधि से बुवाई आदि पर चर्चा करते हुए।

इसके होने वाले फायदे पर विधिवत प्रकाश डाला गया। भ्रमण दल के साथ गन्ना विकास विभाग बरेली के लोकनाथ संतोष कुमार सतवीर सिंह तथा गन्ना पर्यवेक्षक धर्मेंद्र के साथ उपस्थित रहे इस मौके पर द्वारिकेश शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक उमेश सिंह बिसेन गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर रजनीश सिंह, तथा अमरीक सिंह, अक्षांश सिंह, विशेष सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या :– CPM-DLI-NIT-22-2025-26 दिनांक 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No. | CPM-DLI-NIT-22-2025-26 |
| 2 | कार्य का नाम | दिल्ली शाहदरा और सब्जी मंडी पर 03 रिले हटों का निर्माण, साथ ही सब्जी मंडी, दिल्ली शाहदरा और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशनों पर अन्य विविध हेतु कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 1,41,06,868.33/– |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,20,500/– |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | बिडिंग प्रणाली | एक पैकेट प्रणाली |
| 7 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 23.06.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 23.06.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

1618/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

## पुण्यश्लोक : न्यायमूर्ति, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर

महारानी, इंसाफ की देवी, जनसरोकारी, अहिल्याबाई होलकर मराठा साम्राज्य की एक प्रसिद्ध शासिका और मालवा क्षेत्र में होलकर राजवंश की संस्थापक थीं। अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई, 1725 को चौंडी गांव, अहिल्यानगर जिला, महाराष्ट्र में हुआ था। उनका विवाह मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव होलकर से हुआ था। खंडेराव की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई ने प्रशासन संभाला और अपने राज्य को मजबूत और समृद्ध किया। लोकमाता, अहिल्याबाई होलकर न्याय की ऐसी मूर्ति कि अपने बेटे को भी सजा-ए-मौत का फरमान सुनाने से भी नहीं हिचकीं। एक बार जब अहिल्याबाई के बेटे मालोजीराव अपने रथ से सवार होकर राजबाड़ा के पास से गुजर रहे थे। उसी दौरान मार्ग के किनारे गाय का छोटा-सा बछड़ा भी खड़ा था। जैसे ही मालोराव का रथ वहां से गुजरा अचानक कूदता-फांदता बछड़ा रथ की चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल हो गया। थोड़ी देर में तड़प-तड़प कर उसकी वहीं मौत हो गई। इस घटना को नजरअंदाज कर मालोजीराव आगे बढ़ गए। इसके बाद गाय अपने बछड़े की मौत पर वहीं बैठ गई। वो अपने बछड़े को नहीं छोड़ रही थी।

कुछ ही देर बाद वहां से अहिल्याबाई भी वहां से गुजर रही थीं। तभी उन्होंने बछड़े के पास बैठी हुई एक गाय को देखा, तो रुक गईं। उन्हें जानकारी दी गई। कैसे मौत हुई कोई बताने को तैयार नहीं था। अंततः किसी ने डरते हुए उन्हें बताया कि मालोजी के रथ की चपेट में बछड़ा मर गया। यह घटनाक्रम जानने के बाद अहिल्या ने दरबार में मालोजी की धर्मपत्नी मेनाबाई को बुलाकर पूछा कि यदि कोई व्यक्ति किसी की मां के सामने उसके बेटे का कत्ल कर दे तो उसे क्या दंड देना चाहिए? मेनाबाई ने तुरंत जवाब दिया कि उसे मृत्युदंड देना चाहिए। इसके बाद अहिल्याबाई ने आदेश दिया कि उनके बेटे मालोजीराव के हाथ-पैर बांध दिए जाएं और उन्हें उसी प्रकार से रथ से कुचलकर मृत्यु दंड दिया जाए, जिस प्रकार गाय के बछड़े की मौत हुई थी। बेटे की जान लेने खुद रथ पर चढ़ गईं थीं देवी अहिल्याबाई इस आदेश के बाद कोई भी व्यक्ति उस रथ का सारथी बनने को तैयार नहीं था। तब अहिल्याबाई खुद आकर रथ पर बैठ गईं। वो जब रथ आगे बढ़ा रही थी, तब एक ऐसी घटना हुई, जिसने सभी को हैरान कर दिया।

वही गाय रथ के सामने आकर खड़ी हो गई थी। जब अहिल्याबाई के आदेश के बाद उस गाय को हटाया जाता तो वो बार-बार रथ के सामने आकर खड़ी हो जाती। यह देख दरबारी मंत्रियों ने महारानी से आग्रह किया कि यह गाय भी नहीं चाहती है कि किसी और मां के बेटे के साथ ऐसी घटना हो। इसलिए यह गाय भी दया करने की मांग कर रही है। गाय अपनी जगह पर रही और रथ वहीं पर अड़ा रहा। राजबाड़ा के पास जिस स्थान पर यह घटना हुई थी, उस जगह को आज सभी लोग 'आड़ा बाजार' के नाम से जानते है। पुण्यश्लोक, त्याग की प्रतिमूर्ति, अहिल्याबाई ने मालवा की रानी के रूप में 1737 से 1795 तक शासन किया। उन्होंने हमेशा अपने राज्य और अपने लोगों को आगे बढ़ने का हौसला दिया। ओंकारेश्वर पास होने के कारण और मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा होने कारण महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया था। महारानी अहिल्याबाई होलकर ने प्रजा हित के लिए आगे बढ़ीं और सफल दायित्वपूर्ण राजशाही का संचालन करते हुए 13 अगश्त, 1795 को दुनिया को अलविदा कह गईं। महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन, समर्पण, न्याय, विकास, संस्कार और जन कल्याण के कार्यों को भारतीय इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। शत-शत नमन!

## राष्ट्र की प्रगति के हित में हों छात्र आंदोलन

अमेरिका के व्हाइट हाउस के सामने इंडिया अब्रॉड टीवी चैनल को पूर्व यूजीसी अध्यक्ष एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, इंदौर विश्वविद्यालय और सागर विश्वविद्यालय में कुलपति रहे प्रो. डी. पी. सिंह ने एक विशेष साक्षात्कार दिया, जिस पर आधारित है यह आलेख। उन्होंने छात्र नेतृत्व और शिक्षा सुधारों पर विचार साझा करते हुए कहा कि भारत में छात्र आंदोलनों को राष्ट्रीय हित में होना चाहिए और कॉलेज परिसरों में शांति व अनुशासन बनाए रखना चाहिए....

छात्र आंदोलन लोकतंत्र का हिस्सा होते हैं। छात्रों में ऊर्जा और जुनून होता है, जो देश के भविष्य को आकार देने में मदद कर सकता है। शर्त यह है कि ये प्रयास राष्ट्रीय एकता को ठेस न पहुंचाएं या शैक्षणिक माहौल को बाधित न करें। छात्र नेता होना और विभिन्न मुद्दों के लिए खड़ा होना है, लेकिन मूल्यों और अनुशासन के साथ। ऐसे आंदोलन जो हिंसा फैलाएं या दूसरों को नुकसान पहुंचाएं, वे सही राश्ता नहीं हैं।

हाल में देखा गया कि कुछ विश्वविद्यालयों में जो छात्र आंदोलन हुए वो राश्ता भटक गए और अकादमिक विकास की बजाय राजनीतिक झगड़ों में तब्दील हो गए। इससे शिक्षा व्यवस्था की छवि खराब होती है और सीखने का समय बर्बाद होता है। ऐसे में आंदोलनरत छात्रों को शांति से बहस और चर्चा करनी चाहिए। विश्वविद्यालयों को सीखने, शोध और राष्ट्रीय विकास के केंद्र होना चाहिए, न कि संघर्ष का स्थान। भारत एक युवा राष्ट्र है, जिसकी छात्र आबादी बहुत बड़ी है। अगर छात्र अपनी आवाज को समझदारी से इश्तेमाल करें, तो वे समस्याएं हल करा सकते हैं और देश को आगे बढ़ा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह सिर्फ एक दश्तावेज नहीं, बल्कि एक मिशन है जो शिक्षा की गुणवत्ता सुधारता है, छात्रों को कुशल बनाता है और वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करता है। इस नीति के तहत अब छात्रों को विषयों का चुनाव, स्किल ट्रेनिंग और डिजिटल लर्निंग के विकल्प मिल रहे हैं। मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम से शिक्षा में लचीलापन आया है। हमें जॉब क्रिएटर चाहिए, सिर्फ जॉब सीकर नहीं। नेप नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देती है।

जहां तक मातृभाषा में शिक्षा का सवाल है तो इसमें छात्र गहराई से विषय को समझ पाते हैं और अपनी संस्कृति पर गर्व भी करते हैं। ऐसे में छात्रों को चाहिए कि वे इन परिवर्तनों का लाभ उठाएं और नकारात्मक आंदोलनों में समय बर्बाद करने की बजाय नवाचार और विकास में भाग लें। यहां यह समझ लें कि अनुशासन का मतलब चुप्पी नहीं होता। छात्र सवाल कर सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं, यहां तक कि विरोध भी कर सकते हैं, लेकिन सम्मान और जिम्मेदारी के साथ। जान लें कि शिक्षा एक मजबूत राष्ट्र की नींव है। नारेबाजी से नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत, गहरी सीख और सच्चाई के साथ खड़े होकर नेता बनते हैं।

# महिला वोटर और लाडली बहन पॉलिटिक्स

**कुमार कृष्णन**

बिहार विधानसभा चुनाव आगामी अक्टूबर-नवंबर में संभावित है और सभी दलों के केन्द्र में महिला वोटर हैं। इस बार मुकाबला नीतीश कुमार की जदयू और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन बनाम कांग्रेस और तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) के बीच होगा। लेकिन बिहार की सत्ता उसे ही मिलेगी, जिसपर महिलाओं को भरोसा होगा।

बिहार विधानसभा चुनावों में महिलाओं की भूमिका पिछले एक दशक में निर्णायक बनकर उभरी है। 2010 से लेकर 2020 तक के चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है। 2025 के आगामी चुनावों में भी उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। 2010 के विधानसभा चुनावों में पहली बार महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा था।

महिलाओं का मतदान प्रतिशत 54.85 फीसदी था, जबकि पुरुषों का 50.70 फीसदी। यह बदलाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं, जैसे साइकिल योजना और पंचायती राज में 50 फीसदी आरक्षण, का परिणाम था। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी क्योंकि 2000 तक, मतदाता मतदान में लिंग अंतर लगभग 20 फीसदी था। सभी राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने में लगे हैं।

चुनाव आयोग के द्वारा जारी किए गए आकड़ों के अनुसार, बिहार में 3.6 करोड़ महिला वोटर्स हैं। वहीं, प्रदेश में कुल वोटरों की संख्या 7.6 करोड़ है। यानि राज्य में 4 करोड़ पुरुष वोटर हैं। अक्टूबर 2024 में जारी वोटर लिस्ट में प्रति हजार पुरुष मतदाताओं पर महिला मतदाताओं की संख्या 910 थी, जो साल के अंत तक यह संख्या बढ़कर 914 हो गयी। बिहार चुनाव के दिन जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, लाडली बहन पॉलिटिक्स को लेकर चर्चा तेज होती जा रही है।

महिला मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए राज्य सरकार महिला संवाद कार्यक्रम कर रही है। सरकार ने अगले दो महीनों में करीब दो करोड़ महिलाओं तक पहुंचने की योजना बनाई है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी महिला की बात, कांग्रेस के साथ अभियान शुरू किया है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के अनुसार इस अभियान का मकसद महिलाओं की जरूरतों, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को उजागर करना और उन्हें पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में शामिल करना है। इसे लेकर कांग्रेस की महिला नेत्रियों का दौरा लगातार जारी है।

इसके बाद सुप्रिया श्रीनेत, राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन का बिहार दौरा हो रहा है। अलका लांबा के अनुसार -जनता ने भरोसा जताया, कांग्रेस ने कर दिखाया। अब बारी है बिहार की बहनों की ज़िंदगी में बदलाव लाने की। कांग्रेस पार्टी ने बिहार की बहनों और बेटियों के लिए ऐतिहासिक पहल की है। माई बहिन मान योजना के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राज्य की पात्र बहनों और बेटियों को प्रति माह ₹2500 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में दी जाएगी। यह योजना न केवल आर्थिक राहत देगी, बल्कि बिहार की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएगी। वहीं



पूर्णिया जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा जातीय सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार बिहार में 94.42 लाख परिवारों की मासिक आय ₹6000 में कम है, यानी लगभग 5 करोड़ लोग ₹40 रुपये प्रतिदिन पर गुजारा कर रहे हैं। 81.91 लाख परिवारों की आय ₹10, 000 प्रति माह से कम है। केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई की मार से आम जन-जीवन को संकट में ला दिया है।

60-70 रु का पेट्रोल-डीजल ₹100 के पार कर दिया। 400 का गैस सिलेंडर ₹1000 से ऊपर। 60-70 का दाल-तेल ₹200 के पार हैं। मोदी ने कई राज्यों में झूठी गारंटी से सत्ता हथियाई। मगर दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में सरकार बनने के बाद मुकर गयी।

"माई बहिन मान योजना" के तहत बिहार की पात्र महिलाओं (18 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं) को ₹2500 प्रति माह सीधे उनके बैंक खाते में मिलेगा। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। कांग्रेस शासित कई प्रदेशों में लाडली, गृह लक्ष्मी और इंदिरा गांधी प्यारी बहना जैसी योजनाओं के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव देश की महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

देश में लाडली योजना की शुरुआत सबसे पहले कांग्रेस ने की थी। दिल्ली में शीला दीक्षित सरकार ने 2008 में लाडली योजना शुरू की थी, जिसके तहत बेटी के जन्म के समय ₹36, 000 और कक्षा 1 से 12 तक पढ़ाई के लिए ₹25, 000 की सहायता की जाती थी। 12वीं कक्षा पूरी करने पर खाते में 1 लाख का मैच्यूरिटी अकाउंट सीधे जाता था।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की, जिसके तहत हर महिला को प्रति माह ₹2000 बैंक खाते में दिया जा रहा है। इसका लाभ 1.35 करोड़ महिलाओं को मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1500 की सहायता दी जा रही है। झारखंड की कांग्रेस गठबंधन सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रति माह ₹2500 की वार्षिक सहायता देना शुरू किया है। पहले यह₹1000 थी। कांग्रेस ने इसे बढ़ाने का वादा किया था और वादा निभाया। योजना से 56.61 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं

बिहार में भी कांग्रेस का हाथ, महिलाओं को सशक्त करने के साथ। वजह वही है, नीतीश-मोदी सरकार की महंगाई और गरीबी ने लोगों को त्राहिमाम किया। भाजपा-जेडीयू के वादे झूठे साबित हुए, अब जनता सच्चे बदलाव की उम्मीद करती है और कांग्रेस है तो उम्मीद है।

आशा कार्यकर्ता, जीविका, आंगनवाड़ी, स्वयं सहायता समूह और मध्याह्न भोजन पकाने वाली महिलाओं पर महिला कांग्रेस का फोकस है। बिहार में लगभग दो करोड़ से ज्यादा जीविका दीदी हैं, जो नीतीश कुमार की खास वोटर मानीं जाती हैं। इन महिला वोटर को साधने के लिए जहां तेजस्वी यादव ने माई-बहिन मान योजना की घोषणा की है तो वहीं अब कांग्रेस भी महिला वोटरों को साधने की पूरी तैयारी में जुट गई है। उसके लिए बड़ा अभियान आरंभ कर दिया है।

**(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**

# 300वीं जन्म जयन्ती : अहिल्यादेवी होलकर : दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासक

**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल इतिहास के सुवर्ण पृष्ठों पर अनेक शील, शौर्य, शक्ति एवं पराक्रम संपन्न नारियों के नाम अंकित हुए हैं। शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं। ऐसी ही श्रृंखला में एक नाम है राजमाता अहिल्याबाई होलकर का, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं।

वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। जन कल्याण एवं सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक कार्य किए। भारत ऐसी ही आदर्श नारी चरित्रों की गौरव-गाथा से विश्व गुरु कहलाता था। इस वर्ष 31 मई, 2025 को उनकी जन्म जयन्ती का त्रिशताब्दी दिवस है।



कभी-कभी वाश्तविक जीवन की घटनाएं कहानियों से भी अधिक अद्भुत, साहसी, रोमांचकारी एवं विलक्षण होती है। सच यह भी है कि कभी-कभी जिन्दगी की किताब के किरदार कहानियों, फिल्मों एवं उपन्यासों के किरदारों से भी कहीं अधिक सशक्त और अविस्मरणीय होते हैं। लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व भी ऐसा ही है, जो उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। वे भारतीय इतिहास की एक विलक्षण, साहसी, दूरदर्शी, दार्शनिक एवं पराक्रमी नायिका है।

राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में, नयी शासन-व्यवस्था स्थापित करने और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। अतीत से आज तक वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाती हैं।

31 मई 1725 को जामखेड, अहमदनगर (महाराष्ट्र) के चोंडी गाँव में जन्मी अहिल्या, एक साधारण परिवार से थीं। उनके पिता मनकोजी राव शिंदे, ग्राम प्रधान थे, जिन्होंने उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया था। एक युवा लड़की के रूप में, उनकी सादगी और सुचरित्र के संयोजन ने, मालवा क्षेत्र के राजा मल्हार राव होलकर का ध्यान उनकी ओर आकर्षित किया। वे युवा अहिल्या से इतने प्रभावित थे कि 1733 में जब वे मुश्किल से आठ साल की भी नहीं हुई थीं, तब उन्होंने उनका विवाह अपने बेटे खंडेराव होलकर से करवा दिया।

उनकी शादी के बारह साल बाद, कुम्हेर किले की घेराबंदी के दौरान, उनके पति खंडेराव की मृत्यु हो गई। अहिल्याबाई इतनी आहत हुईं कि उन्होंने सती होने का फ़ैसला कर लिया। लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें इतना कठोर कदम उठाने से रोक लिया और अहिल्या को अपनी छत्र-छाया में लेकर, उन्हें सैन्य, राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों में प्रशिक्षित किया। राज-काज की बारीकियां समझाई।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं।

अहिल्याबाई ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन थे। उनका चिंतन, शासन-व्यवस्था, संस्कृति-प्रेम, संभाषण, आचरण, सृजन, सेवा, परोपकार- ये सब ऐसे खुले वातायन थे, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहा और पूरी मानवजाति को उपकृत किया। राजमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन अनेक संकटों एवं संघर्षों का साक्षी बना। एक के बाद एक पहाड जैसे दुःख, आघात उन्हें झेलने पड़े।

1766 में अहिल्या के ससुर मल्हार राव का भी निधन हो गया। उसके अगले ही वर्ष, उन्होंने अपने बेटे माले राव को भी खो दिया। बेटे को खोने का दुःख उन्होंने अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राज्य और अपनी प्रजा के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पेशवा से, मालवा के शासन को संभालने की अनुमति मांगी। हालांकि, कुछ अभिजातों ने इसका विरोध किया, लेकिन उन्हें सेना का समर्थन प्राप्त था। सेना को उन पर पूरी श्रद्धा और विश्वास था, क्योंकि वह सैन्य और प्रशासनिक मामलों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित थीं।

उन्होंने कई मौकों पर सेना का नेतृत्व किया था और एक सच्चे योद्धा की तरह लड़ाई लड़ी थी। 1767 में, पेशवा ने अहिल्याबाई को मालवा पर अधिकार करने की अनुमति दे दी। 11 दिसंबर 1767 को वे गद्दी पर बैठीं और इंदौर की शासक बनीं। अगले 28 वर्षों तक महारानी अहिल्याबाई ने न्यायोचित, बुद्धिमत्तापूर्ण और ज्ञानपूर्वक तरीके से मालवा पर शासन किया। अहिल्याबाई के शासन के तहत, मालवा में शांति, समृद्धि, खुशहाली और स्थिरता बनी रही। साथ ही साथ उनकी राजधानी साहित्यिक, संगीतात्मक, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों के एक बेहतरीन स्थान में परिवर्तित हो गई। कवियों, कलाकारों, मूर्तिकारों और विद्वानों का उनके राज्य में स्वागत किया गया, क्योंकि वे उनके काम को बहुत सम्मान दिया करती थीं।

रानी अहिल्याबाई ने अपने समय में विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। नारी शासक के रूप उन्होंने एक छलांग लगाई, राज-व्यवस्था एवं उन्नत समाज संरचना को निर्मित करते हुए जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी थीं। वह अपनी प्रजा को अपनी संतान मानती थी।

उन्होंने अपने शासनकाल में कई कानूनों को समाप्त किया, किसानों का लगान कम किया, कृषि, उद्योग धन्धों को सुविधा देकर विकास के अनेक काम किए। चोर, डाकुओं एवं अन्य अपराधियों को सही राश्ते पर लाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उनकी जीवन दिशाएं बदली।

रानी अहिल्याबाई महान परोपकारी, संवेदनशील एवं करूणामयी थी। राहगीरों, गरीबों, विकलांगों, साधु- संतों, पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं सभी का ध्यान रखती थी यहां तक कि अपने सैनिकों, कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी वह कभी पीछे नहीं हटी। मन्दिरों का जीर्णोद्धार, पर्यावरण एवं जलसंधारण, विधि एवं न्याय व्यवस्था, नारी सम्मान और नारी शिक्षा, व्यापार, कौशल-विकास आदि उनके शासन की विशेष उपलब्धियां बनी।

अहिल्याबाई का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए धड़कता था।

रानी अहिल्याबाई हिन्दू धर्म की पुरोधा, उन्नायक एवं रक्षक थी। उन्होंने बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, द्वारका, पैठण, महेश्वर, वृंदावन, सुपलेश्वर, उज्जैन, पुष्कर, पंढरपुर, चिंचवाड़, चिखलदा, आलमपुर, देवप्रयाग, राजापुर स्थानों पर मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया तथा घाट बनवाएं और धर्मशालाएं खुलवाए, जहां लोगों को प्रतिदिन भोजन मिलता था। काशी विश्वेश्वर मंदिर के साथ-साथ पूरे देश के मंदिरों का निर्माण व पुनर्निर्माण का कार्य रानी ने करवाया।

त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग में तीर्थ यात्रा के लिए विश्रामगृह, अयोध्या, नासिक में भगवान श्रीराम के मंदिरों का निर्माण, सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, उज्जैन में चिंतामणि गणपति मंदिर निर्माण-ये सभी कार्य रानी ने दिल खोलकर किए हैं। उन्होंने कल्याणकारी व परोपकारी कार्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण का महत्ती कार्य भी किया तथा देश में धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एकता कायम करने के लिए सराहनीय प्रयास किए।

अहिल्याबाई ने महेश्वर में वस्त्र उद्योग भी स्थापित किया, जो वर्तमान में अपनी महेश्वरी साड़ियों के लिए बहुत प्रसिद्ध है। शासन से लेकर संस्कार तक, साहित्य से लेकर समाज-निर्माण तक अनुभव गुम्फित है। न केवल राजनीति के क्षेत्र में बल्कि व्यक्ति निर्माण एवं समाज निर्माण के क्षेत्र में भी आपके विचारों का क्रांतिकारी प्रभाव देखने को मिलता है।

'दार्शनिक महारानी' की उपाधि से सम्मानित, अहिल्याबाई का 13 अगश्त 1795 को सत्तर वर्ष की आयु में निधन हो गया। रानी अहिल्याबाई में इतिहास के गौरवशाली वीरों के गुण देखने को मिलते हैं। कोई भी महिला इतनी सर्वगुण संपन्न कैसे हो सकती है? इतिहास, वर्तमान और भविष्य में केवल एक ही नारी में इतने गुणों का समावेश होना संभव ही नहीं है। धर्माचरण, शासन प्रबंध, विद्वानों का सम्मान व न्याय, दानशीलता, उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग व बलिदान, साहस, शौर्य से परिपूर्ण रानी अहिल्याबाई युगों- युगों तक अमर रहेगी।

# मणिपुर में अभी भी असंतोष

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

मणिपुर में बहुत समय से अशांति है। उस अशांति ने सैकड़ों लोगों की जान ले ली और और उसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन. वीरेन सिंह के मंत्रिमंडल की बलि भी ली। समाज शास्त्री कहते हैं कि संकट काल में किसी बहुमूल्य चीज की बलि देकर बडे नुकसान को रोकने की कोशिश की जाती है। मणिपुर में भी भारतीय जनता पार्टी ने शायद इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपने मंत्रिमंडल की बलि दी होगी।

लेकिन जिस शांति की आशा में यह बलि दी गई थी, वह पूरी होती नहीं लगती। शांति क्यों नहीं हो पा रही, यह रहस्य तभी खुलेगा जब यह पता चल जाए कि अशांति का क्या कारण है? यदि अशांति का सही कारण ही पकड़ में नहीं आएगा तो शांति कैसे स्थापित हो सकती है? पूर्वोत्तर भारत में हो रही इस अशांति को समझने की कोशिश उत्तर भारत में अनेक विद्वान करते भी रहते हैं। मामले को आगे बढ़ाने से पहले मणिपुर को सरसरी तौर पर समझना होगा।

मणिपुर की राजधानी इंफाल है जिसे भूगोल के विद्वान इंफाल घाटी कहते हैं, क्योंकि यह मैदानी इलाका चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इंफाल घाटी में जो लोग रहते हैं, उनको मैतेयी कहा जाता है। पहाड़ियों पर लगभग चालीस पचास विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं।

कुछ उत्तरी पहाड़ियों में और कुछ दक्षिणी पहाड़ियों में। उत्तरी पहाड़ियों में रहने वाले ये पहाड़ी नागा कहे जाते हैं और दक्षिणी पहाड़ियों पर रहने वाले समुदाय कुकी के नाम से जाने जाते हैं। वैसे कुकी कहे जाने वाले समुदाय अपने आपको कुकी कहलवाना पसंद नहीं करते, क्योंकि मैदानी बंगालियों ने पहाड़ में रहने वालों को पहाड़ी न कह कर कुली कहना शुरू कर दिया था जो बाद में कुकी में बदल गया।

भारत सरकार ने पहाड़ पर रहने वाले इन सभी समुदायों को एसटी का दर्जा दिया हुआ है। लेकिन एक और कानून भी है। एसटी तो घाटी में जमीन खरीद सकता है, लेकिन घाटी पर रहने वाला मैतेयी पहाड़ पर जमीन नहीं खरीद सकता। जनसंख्या के हिसाब से घाटी के मैतेयी की संख्या 53 फीसदी है और पहाड़ियों की 36 फीसदी है। जहां तक क्षेत्रफल का मामला है, मणिपुर का कुल क्षेत्रफल 8621 वर्ग मील है।

इसमें से इंफाल घाटी का क्षेत्रफल केवल 700 वर्ग मील है, बाकी सारा इलाका पहाड़ का है। यानी 700 वर्ग मील में प्रदेश की 53 फीसदी जनता रहती है और शेष लगभग 8000 वर्ग मील पहाड़ी इलाके में 36 फीसदी जनता रहती है। पहाड़ के विभिन्न समुदाय आपस में लड़ते भिड़ते भी रहते हैं।

खासकर उत्तरी पहाड़ियों पर बसी जातियों की दक्षिणी पहाड़ियों पर बसी जातियों से नहीं पटती। झगड़ा होता रहता है, कभी रंगदारी को लेकर और कभी जमीन कब्जाने को लेकर। दोनों पक्षों के लोग मरते भी रहते हैं।



अंग्रेजी मीडिया के लोग इसे कुकी-नागा संघर्ष बताते हैं। कभी दक्षिणी पहाड़ियों पर बसी जनजातियां कुकीलैंड की बात चलाती हैं, तो उत्तरी पहाड़ियों की जनजातियां नागालिम के नाम पर नागालैंड के साथ इन पहाड़ियों को मिला देने की बात करते रहती हैं। लेकिन ये पहाड़ी लोग आपस में तो लड़ते रहते हैं, पर मैतेयी से इनका कभी झगड़ा नहीं हुआ। मैतेयी के दुख कम नहीं हैं। उनकी पहली मांग तो यही है कि उन्हें भी अपने ही प्रदेश की पहाड़ियों में जमीन खरीदने और रहने बसने का अधिकार मिलना चाहिए।

यह तो छोटी मांग है। बड़ी मांग यह है कि मैतेयी को भी एसटी का दर्जा दिया जाए। यह पुरानी मांग है और भाषणों के काम आती रहती है। लेकिन मैतेयी समाज में ज्वाला तब भडक़ती है जब पहाड़ की कोई या कई जनजातियां मणिपुर का विभाजन करके उसमें से कुकीलैंड या नागालिम की मांग करती हैं। तब इंफाल घाटी धधकती है।

मैतेयी बाकी सब कुछ सहन कर सकता है, लेकिन मणिपुर के विभाजन की बात सुन कर वह धडक़ता है। मणिपुर उसके लिए भावनात्मक ईकाई भी है। सनामही, पाखंबा मणिपुर के रक्षक देव हैं। केवल इंफाल घाटी के नहीं बल्कि पूरे मणिपुर के।

इसी मणिपुर के काइना पर्वत पर एक तांखुल अम्मा ने ही तो गोविंदजी कान्हा का पालन पोषण किया था। मणिपुर की पर्वत उपत्यकाएं इसकी धमनियां हैं। 2001 में मैतेयी लोगों को थोड़ा सा संदेह हुआ था कि सरकार मणिपुर के विभाजन के बारे में विचार कर रही है तो पूरी घाटी धधक उठी थी। विधानसभा को अग्निदेवता के हवाले कर दिया था। लेकिन आश्चर्य तो इस बात का है कि 2023 में जो असंतोष की आंधी उठी उसका तो कोई कारण ही पकड़ में नहीं आ रहा। यह चिंगारी चुराचान्दपुर जिला में सुलगी थी। चुराचान्दपुर में खादौ और पाएते जनजातियों का बहुमत है।

उस समय के राज्य के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह इसी जिला में एक जिम का उद्घाटन करने जा रहे थे।

लोगों ने उद्घाटन से पहले ही जिम और उद्घाटन स्थल जला दिया। वह जिम भी एक पाएते जनजाति के व्यक्ति का था और उसको जलाने वाले भी पाएते जनजाति के ही लोग थे। वहां मैतेयी कोई नहीं था। अलबत्ता जिम जलाने वालों ने यह जरूर कहा कि मुख्यमंत्री कई महीनों से नशा तस्करी के मामले में केवल उन्हीं के समुदायों को निशाना बना रहे हैं। जिम का झगड़ा पाएते लोगों का आपसी झगड़ा ही था।

लेकिन इसकी इंफाल में प्रतिक्रिया हुई। यह रहस्य अभी तक समझ में नहीं आ रहा है कि किसी ने मणिपुर के विभाजन की बात नहीं की थी, फिर इंफाल में स्वतः स्फूर्त या प्रायोजित प्रतिक्रिया क्यों हुई।

लेकिन जैसे ही यह प्रश्न जोर पकडऩे लगा तो एक दो मैतेयी ग्रुपों ने उत्तर देना शुरू किया कि मणिपुर उच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि मैतेयी को भी एसटी का दर्जा देने की सिफारिश राज्य सरकार केन्द्र सरकार से करे। इसलिए जनजातियां हिंसा पर उतारू हो गई हैं। यदि ऐसा होता तब तो उत्तरी और दक्षिणी पहाड़ियों पर रहने वाली सभी जनजातियों को विरोध में आना चाहिए था। लेकिन उत्तरी पहाड़ियों पर रहने वाली जनजातियां मसलन तांखुल, जेलियांगरोंग तो विरोध में नहीं आईं।

केवल खादौ और पाएते इत्यादि जनजातियां ही हिंसा में सक्रिय हुईं। यदि केवल एसटी का ही मामला होता तब तो तांखुल और खादौ को एक साथ आना चाहिए था क्योंकि मैतेयी को एसटी का दर्जा मिलने से तो ये दोनों बड़ी जनजातियां सबसे ज्यादा प्रभावित होतीं। लेकिन तांखुल तो पूरी मारकाट से दूर ही रहे।

मामला केवल मैतेयी बनाम कुकी बना। लेकिन असली बात तो यह है कि क्या ये दोनों समुदाय संघर्षरत थे या फिर अपने अपने समुदाय की आड़ में कुछ राजनीतिक प्राणी अपनी रोटियां सेंक रहे थे? इन प्रश्नों का उत्तर कई दशकों बाद ही मिलेगा जब मुख्य पात्र पर्दे से हट जाएंगे तो फिर उस समय के नौकरशाह ही परतें खोल देंगे। सभी समुदायों के लोग इस पूरी स्थिति से कितने दुखी थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब वीरेन सिंह की सरकार की बलि देकर राष्ट्रपति राज लागू किया तो मणिपुर में सभी लोग, चाहे वे मैदानी थे या पहाड़ी, एक स्वर से कह रहे थे पीआर इज गुड यानी प्रेजिडेंट रूल इज गुड।

लेकिन लगता है बलि के बाद जो अनुष्ठान करने होते हैं, उनमें से एक बहुत ही संवेदनशील अनुष्ठान गलत हो गया।

पिछले दिनों उखरूल जिला जो तांखुल जनजाति का गढ़ है, के एक गांव में शरुई लिली पुष्प उत्सव का अवसर था। यह उत्सव दो साल बाद हो रहा था। यह उत्सव सारे मणिपुर की एकता का प्रतीक बन चुका है। दुनिया भर में यह फूल केवल इस गांव की पहाड़ियों पर उगता है।

तांखुल लोग उत्सव की तैयारियों में जी जान से जुटे हुए थे। इंफाल से शरुई जाते समय राश्ते में एक दो कुकी गांव भी आते हैं। वहां के लोगों ने भी आने वालों के स्वागत की व्यवस्था की थी। लेकिन शायद जो लोग 2023 से मणिपुर को धधका रहे हैं, उनको चिंता हुई होगी।

किसी गिरोह ने अनाम कुकी संस्था के नाम से चेतावनी जारी कर दी कि कोई मैतेयी कुकी गांव में से नहीं गुजरने चाहिएं। कुल मिलाकर मैतेयी के लिए भावना का यह मसला अभी तक सुलझ नहीं पाया है।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-**UPHIN/2009/30721

संक्षिप्त समाचार

## धर्मस्थल में बच्ची से दरिंदगी...जिसने बनाया वीडियो

### उस पर दर्ज हुआ केस

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के जगदीशपुरा थाना क्षेत्र के एक धर्मस्थल में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना का वीडियो वायरल होने पर अदालत ने सख्त एतराज जताया है। वीडियो प्रसारित करने वालों को पॉक्सो एक्ट की धारा 23 के तहत दोषी माना है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने इंस्पेक्टर जगदीशपुरा को ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर अवगत कराने के आदेश किए हैं। जगदीशपुरा की एक कॉलोनी के धर्मस्थल में एक व्यक्ति ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म किया था। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज 27 मई को सामने आया। इसके बाद वीडियो फुटेज कुछ लोगों ने बिना सोचे-समझे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिए। इस मामले में पुलिस ने वीडियो फुटेज वायरल होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा। इसके पहले उसे मंदबुद्धि बताकर थाने से छोड़ा था। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने इस घटना को जघन्य बताया और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने के निर्देश दिए। सीसीटीवी फुटेज का विशेष न्यायाधीश सोनिका चौधरी ने संज्ञान लिया। न्यायालय ने लिखित आदेश जारी करके इंस्पेक्टर जगदीशपुरा को वीडियो प्रसारित करने वालों पर केस दर्ज करके कार्रवाई करने और उससे कोर्ट को अवगत कराने के आदेश किए। अब पुलिस वीडियो प्रसारित करने वालों की सूची तैयार कर रही है।

## सेंट्रल मार्केट में दुकानदारों ने खाली नहीं की दुकानें

**मेरठ , एजेंसी।** सेंट्रल मार्केट के अवैध कॉम्पलेक्स 661/6 के दुकानदारों ने बृहस्पतिवार तक दुकानें खाली नहीं कीं। आवास एवं विकास परिषद की ओर से 15 दिन में दुकानें खाली करने के लिए तीसरा और अंतिम नोटिस दिया गया था, जिसकी मियाद बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। ऐसे में अब आवास विकास इन दुकानदारों के खिलाफ अवमानना का मामला दायर कराने की तैयारी में है। सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल मार्केट के 661/6 कॉम्पलेक्स मामले में 17 दिसंबर 2024 को ध्वस्तीकरण के आदेश दिए हुए हैं। व्यापारियों



की सुप्रीम कोर्ट में दाखिल सभी याचिकाएं भी रद की जा चुकी हैं। आवास एवं विकास परिषद ने 661/6 के सभी 21 दुकानदारों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ 15 दिन में दुकानें खाली करने का तीसरा व अंतिम नोटिस जारी करते हुए आदेश दिए थे। ऐसा न होने पर सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का मामला भी चलाने को चेताया गया था।

बृहस्पतिवार को नोटिस की मियाद पूरी हो गई, जबकि एक भी दुकानदार ने दुकान खाली नहीं की। वहीं, इस अवैध कॉम्पलेक्स के 21 दुकानदारों के साथ ही 31 अन्य दुकानदार भी हैं, जिनके खिलाफ विभाग की ओर से थाना नौचंदी को एफआईआर भी स्पीड पोस्ट से बीते दिनों भेजी गई। इसके बावजूद पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया। आवास विकास के अधिकारियों का कहना है कि अब दुकानदारों के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दायर कराया जाएगा।

उधर, दूसरी ओर आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश खुराना की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की जा चुकी है। सेंट्रल मार्केट के व्यापारी इस मामले में 20 मई को बाजार बंद भी कर चुके हैं।

# लक्कड़ शाह बाबा की मजार पर लगने वाले मेले पर लगी रोक



**बहराइच, एजेंसी।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मुर्तिहा रेंज के जंगल में बिछिया-मिहींपुरवा मुख्य मार्ग से 500 मीटर दूर जंगल में लक्कड़ शाह बाबा की दरगाह पर जेठ के महीने में मेला लगने की परंपरा 16 वीं शताब्दी से चली आ रही है। इस बार सालाना उर्स पर वन विभाग द्वारा इस मेले पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। बाबा लक्कड़शाह की दरगाह पहुंचने वाले दोनों मार्गों के नाकों पर बिछिया, निशानगाड़ा और मोतीपुर वन बैरियर पर ही जायरीनों को रोक दिया गया। मेले पर रोक के कारण लखीमपुर खीरी के गजियापुर गांव निवासी संजय पासवान अपने बेटे गोलू का मुंडन करवाने दरगाह पूरे परिवार के साथ जा रहे थे। इन्हें निशानगाड़ा वन बैरियर पर ही रोक दिया गया जिससे लोगों में मायूसी देखने को मिल रही है। वहीं लक्कड़शाह मजार के मुख्य रास्ते पर ही वन विभाग, पुलिस व पीएसी की टीम तैनात हैं जो हिन्दू मुस्लिम समुदाय के जायरीनों को रोक रहे हैं। जियारत के लिए पहुंचे श्रावस्ती जनपद के भिनगा निवासी बशीर अहमद, बहराइच निवासी मो. रिज़वान, कुशीनगर निवासी नूर मोहम्मद, नेपाल निवासी मुन्नी शाबरी, राम शंकरपुर लखीमपुर खीरी निवासी रामलखन दरगाह के मुख्य मार्ग पर बैठे मिले जिन्होंने बताया कि उन्हें जियारत व मान मनौती के लिए जाने दिया गया।

### 16वीं शताब्दी से चल रही थी परंपरा

**क्या कहते हैं रेंजर–** रेंजर रत्नेश यादव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि किसी प्रकार के वाहनों को अंदर जाने से रोका जा रहा है।

### बाबा लक्कड़शाह का संक्षिप्त इतिहास

बाबा लक्कड़शाह का वास्तविक नाम सैयद शाह हुसैन है। इन्हें लक्कड़ फकीर के नाम से भी जाना जाता है। सिखीवीकी नामक ग्रंथ में कहा गया है कि यहां बाबा की कब्र है। कब्र के सिर की तरफ संत के मृत्यु की तारीख 1010 हिजरी अर्थात 1610 ईस्वी लिखी है। इससे पता चलता है कि यह संत सिख के दसवें गुरु गोविंद सिंह के समय में जीवित रहे। इस मजार के पास ही गुरुद्वारा है। इसे गुरुमल टेकरी कहा जाता है। यहां के पुजारी की एक किवदंति है कि एक मुस्लिम संत फूस की झोपड़ी में गहन ध्यान में थे। वह कभी कभी प्रार्थना करते थे। हे वली पीर नानका मैने सुना है कि आप भगवान के सच्चे प्रतिनिधि हैं और भटके हुए लोगों को मुक्ति दिलाते हैं। मैं चल नहीं सकता हूं मुझे आंखों से भी धुंधला दिखता है। इस पर गुरु नानक ने संत से अपनी बंद आंख खोलने को कहा और जब उन्होंने खोला तो उन्हें साफ दिखाई देने लगा। बाद में गुरु नानक ने कहा कि तुम तप करते हुए लकड़ी के जैसे हो गए हो आने वाले समय में तुम्हें लक्कड़शाह के नाम से जाना जाएगा। उसके बाद सन् 1610 में इनकी मौत हो जाने के बाद से यहां मेला लगता है।

## युवक की गोली मारकर हत्या, कैंट इलाके में पंचायतघर के सामने पड़ा मिला शव



**बरेली ।** बरेली के बारादरी थ, एजेंसी।ाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी 25 वर्षीय संकित चौहान का शव शुक्रवार सुबह कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायतघर के सामने पड़ा मिला। रोहित नाम के युवक की सूचना पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक के पास पड़े मोबाइल फोन पर कॉल आ रही थी। पुलिस ने कॉल रिसीव की तो दूसरी तरफ से अशोक नगर निवासी अंकित चौहान बात कर रहे थे। तब पता चला कि मौके पर पड़ा शव अंकित के भाई संकित चौहान का है। अंकित ने बताया कि उनका भाई नशे का आदी था और मेडिसिटी अस्पताल के सामने पराग डेयरी की दुकान पर काम करता था। रात 11 बजे तक वह दुकान पर मौजूद था। इसके बाद से उसका पता नहीं चला और उसके मोबाइल पर कॉल रिसीव नहीं हो रही थी। इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के सीने पर बाईं तरफ गोली लगने जैसा निशान है और खून निकल रहा है। लग रहा है कि गोली मारकर उसकी हत्या की गई है। अभी परिवार वालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। हत्या की वजह और हत्यारों का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## पुलिस को किस तरह दिया इस अपराधी ने चकमा...देखकर हिल जाएगा दिमाग, सीसीटीवी आया सामने

**आगरा , एजेंसी।** फिरोजाबाद न्यायालय में पेशी के बाद हवालात में बंद करने के दौरान नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मामले में एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए हवालात प्रभारी समेत तीन कांस्टेबल को निलंबित किया है। तीन पुलिसकर्मी और एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस की तीन टीम नोएडा, जालौन के साथ पड़ोसी जनपदों में दबिश दे रही हैं। सूत्रों के अनुसार बंदी ने भागने के बाद राहगीर का मोबाइल लेकर अपने भाई से बात भी की थी। जालौन के थाना डकोर के गांव ऐर निवासी अफरोज को शिकोहाबाद पुलिस ने 5 मई को नाबालिग से दुष्कर्म व एससीएसटी एक्ट में जेल भेजा था। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अफरोज और एक अन्य बंदी को पेशी के बाद न्यायालय परिसर की हवालात पर लाया गया। उसकी रस्सियां भी खोल दी गईं। इस दौरान बंदी अफरोज चकमा देकर भाग निकला। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने लापरवाही बरतने पर हवालात प्रभारी अनुज नागर, कांस्टेबल सोनवीर और रॉकी को निलंबित किया है। तीनों पुलिसकर्मी और फरार बंदी के खिलाफ मटसेना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस टीम नोएडा, दिल्ली, जालौन में बंदी की तलाश कर रही हैं। इसके अलावा टीम को जानकारी हुई कि बंदी के पास कोई मोबाइल नहीं है। इसलिए उसने किसी राहगीर से मोबाइल लेकर अपने भाई से बात की है। वहीं एसओजी टीम उसके रिश्तेदारों के पते खंगालकर उनके घर दबिश दे रही हैं। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि फरार बंदी की तलाश में पुलिस की तीनों टीम गैर जनपद के साथ गैर प्रांतों व आसपास के जिलों में भी उसकी तलाश कर रही हैं। इसके अलावा उसके रिश्तेदारों के पते खंगालकर उनके यहां भी पुलिस दबिश दे रही हैं। जल्द बंदी को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

## किशोरी से दुष्कर्म कर धर्मांतरण का बनाया दबाव, आपत्तिजनक वीडियो किया वायरल

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित ननिहाल आई पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र की किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी युवक ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी शानू अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित किशोरी के पिता का कहना है कि उसकी सास बीमार थीं। दो माह पहले बेटी उनकी देखभाल के लिए आई थी। इसी दौरान शानू ने उससे दुष्कर्म किया और कई आपत्तिजनक वीडियो बना लिए। इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह बेटी का यौन शोषण करता रहा। वीडियो वायरल होने के बाद से बेटी अवसाद में है। इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन अधिनियम, आईटी एक्ट

## मान जाओ, नहीं तो अंजाम भुगतना होगा

### आपत्तिजनक संदेश भेजने वाले एसवी कॉलेज प्रोफेसर से हाथापाई, जांच कमेटी बनी

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ महानगर के श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय में प्रोफेसर पर कॉलेज पास आउट छात्रा को आपत्तिजनक संदेश भेजने का आरोप लगा है। 28 मई शाम छात्रा द्वारा पुलिस को शिकायत भेजने के बाद 29 मई सुबह छात्र नेताओं ने कार्यालय में जमकर हंगामा किया। इस पर प्रोफेसर ने खुद को कॉलेज के एक कक्ष में बंद कर लिया। पुलिस किसी तरह प्रोफेसर को कॉलेज से बचाकर ले गई। इस दौरान छात्राओं ने प्रोफेसर से हाथापाई व धक्कामुक्की तक कर दी। सीओ द्वितीय के अनुसार, 28 मई शाम एक छात्रा ने खुद को एसवी कॉलेज से पास आउट बताते हुए शिकायत एसपी सिटी व राज्य महिला आयोग को व्हाट्सएप पर भेजी। उसने खुद का मुंह बांधकर कहानी बताते हुए वीडियो भी भेजा है। गोपनीय नाम से भेजी गई शिकायत में कॉलेज के दूसरे समुदाय के एक प्रोफेसर पर आरोप लगाए कि वह उसे आपत्तिजनक संदेश भेजते हैं। नंबर बढ़ाने, पीएचडी कराने व प्रोफेसर बनवाने तक का लालच दिया। एक दिन सेंटर प्वाइंट के पास बुलाकर अपनी पत्नी के विषय में आपत्तिजनक बात कहकर घर बुलाने व शादी रचाने व रिश्ते बनाने तक का प्रस्ताव रखा। छात्रा वहां से किसी तरह बचकर आई। शिकायत पर पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी।

इधर, सुबह इस जानकारी पर छात्र नेता बल्देव चौधरी सीटू, जय यादव, अजय तोमर की अगुवाई में तमाम हिंदू छात्रा कॉलेज पहुंच गए। उन्होंने प्रोफेसर पर कार्रवाई के लिए प्राचार्य कक्ष में हंगामा किया। उन्होंने बताया कि छात्रा ने दिसंबर में कॉलेज की महिला प्रोफेसर से व्हाट्सएप पर लिखित शिकायत की थी। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रोफेसर को निलंबित करने व पुलिस कार्रवाई की मांग की। इस बीच जमकर हंगामा व नोकझोंक हुई। आरोप लगा कि वह कई छात्राओं संग ऐसा कर चुका है। अगर 48 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।

# बरेली में भाजपा नेता चला रहा था जाली प्रमाणपत्र बनाने का रैकेट

### पुलिस ने मारा छापा तो हुआ बड़ा खुलासा





**बरेली, एजेंसी।** बरेली में एसओजी, पुलिस और मिलिट्री इंटेलीजेंस की संयुक्त टीम ने बुधवार को सीबीगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर स्थित भाजपा नेता मुकेश देवल के जनसेवा केंद्र पर छापा मारा। वहां से 27 जाली आधार कार्ड, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र, एक पैनकार्ड, एक मतदाता पहचानपत्र, अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों की छह मोहरें, दो लैपटॉप, दो प्रिंटर, दो माउस, वेब कैमरा और थंब स्कैनर आदि बरामद हुए। भाजपा नेता और उसका भाई मौके से भाग गए। इंस्पेक्टर सुरेश गौतम ने बताया कि भाजपा का मंडल महामंत्री मुकेश देवल और उसका भाई दीपक देवल अपने घर के अलग-अलग कमरों में जनसेवा केंद्र चलाते थे। लंबे समय से वहां जाली प्रमाणपत्र बनाने का धंधा चल रहा था। दोनों भाइयों ने बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक सीबीगंज शाखा समेत अन्य स्थानों पर भी आधार कार्ड बनाने का काम ले रखा है।

मिलिट्री इंटेलीजेंस को इनपुट मिला कि मुकेश देवल के जनसेवा केंद्र पर जाली आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मार्कशीट, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र बनाने का धंधा चल रहा है। इन प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल सेना और रेलवे की भर्तियों में किया जा रहा है। इस इनपुट के आधार पर बुधवार शाम संयुक्त टीम ने भाजपा नेता के जनसेवा केंद्र पर छापा मारा तो फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ हो गया। लैपटॉप की पड़ताल में जाली दस्तावेजों का जखीरा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### लैपटॉप के फोल्डर में कई जाली प्रमाणपत्र मिले

जनसेवा केंद्र पर पुलिस की कार्रवाई के दौरान दोनों लैपटॉप खुले मिले। इन पर जाली प्रमाणपत्र बनाए जा रहे थे। पुलिस को देखकर मुकेश और उसका भाई दीपक भाग निकले। संयुक्त टीम ने लैपटॉप खंगाला तो उसके फोल्डरों में जाली प्रमाणपत्रों का जखीरा मिला। कई संदिग्ध पोर्टल और वेबसाइट भी खुली मिलीं। एक लैपटॉप के फोल्डर में 50 आधारकार्ड, 10 मतदाता पहचानपत्र, हाईस्कूल की दो मार्कशीट, 20 जन्म प्रमाणपत्र, 20 निवास प्रमाणपत्र, पांच-पांच जाति व आय प्रमाणपत्र, पांच आयुष्मान कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला। हाईस्कूल की मार्कशीट इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की है। दूसरे लैपटॉप के फोल्डर में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की 10 मार्कशीट, 15 मतदाता पहचानपत्र, 50 आधार कार्ड, 10 राशन कार्ड, 50 निवास प्रमाणपत्र, पांच आयुष्मान कार्ड मिले हैं। इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे के कर्मचारियों को जारी किया जाने वाला पहचानपत्र भी मिला है।

**कई मोहरें भी बरामद** – छापा मारने वाली टीम ने मौके से पार्षद फिरदौस खां और जहीरउद्दीन की मोहरें भी बरामद की हैं। साथ ही, बैंक बड़ौदा सीबीगंज शाखा की मोहर, एलआईसी की जाली रसीदें भी मिली हैं। जाली प्रमाणपत्र बनाने का आरोपी मुकेश देवल महेशपुर वार्ड से पार्षद पद पर भाजपा से टिकट का दावेदार भी रहा है। कई भाजपा नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर तैर रहीं हैं। मौके से पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों की मोहरें भी बरामद की गई हैं। ऐसे में आशंका है कि यहां बनाए गए जाली प्रमाणपत्रों का बड़े स्तर पर नौकरियों व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल किया गया है।

# प्रेमी से मिलने की इच्छा जाहिर करने के बाद एक और मांग... जेल प्रशासन करेगा फैसला

### जेल में मुस्कान के कई रूप

**मेरठ , एजेंसी।** सौरभ की हत्या के मामले में जेल में बंद उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी वकालत की पढ़ाई कर अपना केस खुद लड़ना चाहती है। उसने जेल प्रशासन से एलएलबी की पढ़ाई के बारे में जानकारी मांगी है। करीब 75 दिन बाद भी किसी परिजन के जेल में न आने से मुस्कान परेशान है। जेल प्रशासन भी नियमों के अनुसार मुस्कान की पढ़ाई की संभावना तलाश रहा है।

ब्रह्मपुरी क्षेत्र के इंदिरानगर निवासी मुस्कान रस्तोगी ने तीन मार्च को अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर पति सौरभ राजपूत की हत्या कर दी थी। दोनों ने उसके शव को चार टुकड़ों में काटकर एक नीले ड्रम में डाला और ऊपर से सीमेंट का घोल भर दिया था। शिमला से वापस लौटने पर मुस्कान ने अपने परिवार को वारदात के बारे में जानकारी दी थी। परिवार ने ब्रह्मपुरी थाने पहुंचकर पूरे प्रकरण के बारे में बताया था। पुलिस ने मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार किया था।

गत 19 मार्च को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। मुस्कान की जब जेल में हालत बिगड़ी तो उसका मेडिकल के गायनिक वार्ड में अल्ट्रासाउंड कराया गया था। इसमें गर्भवती होने की पुष्टि हुई थी।

ब्रह्मपुरी पुलिस ने इस मामले में साहिल और मुस्कान के खिलाफ चार्जशीट अदालत में दायर कर दी थी। साहिल से मिलने उसकी नानी और भाई जेल पहुंचे थे। मुस्कान से मिलने कोई परिजन अभी तक नहीं आया है।

जेल प्रशासन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मुस्कान की पैरवी के लिए अधिवक्ता उपलब्ध कराया है। अब मुकदमे का ट्रायल शुरु होने पर मुस्कान मजबूत पैरवी चाहती है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि जेल के बंदियों को यहां स्थापित इग्नू सेंटर से विभिन्न कोर्स कराए जाते हैं। मुस्कान ने एलएलबी की पढ़ाई के संबंध में जानकारी मांगी है। किस तरह यह सुविधा उसे उपलब्ध कराई जाएगी, यह देखा जा रहा है।

मुस्कान ने जेल प्रशासन के समक्ष एलएलबी की पढ़ाई करने की इच्छा जताई है, लेकिन इसमें उसे न्यूनतम करीब आठ साल लग जाएंगे। वह कक्षा-आठ पास है। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक के बाद वह एलएलबी कर पाएगी। स्नातक तक वह जेल में रहकर भी पढ़ सकती है, लेकिन एलएलबी की पढ़ाई जेल से बाहर आने पर ही कर पाएगी। एलएलबी रेगुलर पाठ्यक्रम है।








### जेल में कपड़ों की सिलाई कर रही है मुस्कान

जेल में मुस्कान रामायण का पाठ पढ़ रही है। इसके साथ ही उसने कपड़ों की सिलाई भी सीख ली है। दरअसल, जेल में कपड़ों और फुटबॉल की सिलाई की जाती है। जिससे बंदियों को काम मिलता है, जिसके बदले चेक के माध्यम से बंदियों को चेक मिलता है।

एनसीआर टुडे
गाजियाबाद, शनिवार 31 मई 2025


# न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की आयु में निधन

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है। फाइनल में न्यूजीलैंड ने क्रिस केर्न्स के नाबाद शतक की मदद से भारत को चार विकेट से हराया था।



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि करते हुए एनजीसी को गहरा दुख हुआ है, जिनका कल क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कैंटरबरी और न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड ने 1999 से 2001 तक ब्लैककैप्स को कोचिंग दी, जिस दौरान उन्होंने नैरोबी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। एनजीसी डेविड के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है। अपने प्रथम श्रेणी के करियर में ट्रिस्ट ने 57 विकेट लिए और 1972 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में विक्टोरिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए खेले। न्यूजीलैंड की भूमिका छोड़ने के बाद, ट्रिस्ट क्राइस्टचर्च के ओल्ड कॉलेजियंस क्रिकेट क्लब के कोचिंग डायरेक्टर बन गए और साथ ही भारत और इंग्लैंड में भी काम किया। इससे पहले उन्होंने 1989-1993 के दौरान कैंटरबरी के साथ और विदेशों में दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और हांगकांग में सफलता हासिल की थी। उन्होंने 1989 में ईस्टर्न प्रोविंस को दक्षिण अफ्रीका का खिताब दिलाया और नीदरलैंड को कोचिंग दी, फिर स्वदेश लौटकर कैंटरबरी और ऑकलैंड को कोचिंग दी।

# आईपीएल2025 के फाइनल में पहुचकर बोले आरसीबी के सुयश शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के क्वालीफायर 1 मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स पर 8 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए 2016 के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाई। जीत के मुख्य कारकों में एक लेग स्पिनर सुयश शर्मा का शानदार प्रदर्शन था। उन्होंने 17 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद सुयश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के एक मंत्र को दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें लगातार कोचों का समर्थन मिला और उन्हें स्टंप्स पर हिट करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। सुयश ने मैच के बाद कहा, कोच ने मुझे सिर्फ एक बात बताई है- मुझे स्टंप्स पर हिट करना है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं गुगली, लेगब्रेक या फ्लिपर फेंकता हूं। इसलिए मैं स्टंप्स पर ज़्यादा से ज़्यादा गेंदें डालने की कोशिश करता हूं। पिच से कुछ मदद मिल रही थी। मुझे लगता है कि इसीलिए मेरी गुगली को समझना आसान नहीं था। जब पंजाब पहले से ही 5 विकेट पर 59 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था, तब आक्रमण पर आते हुए सुयश ने मजबूत शुरुआत को जारी रखी। उनकी दूसरी गेंद एक अच्छी तरह से निष्पादित गुगली, शशांक सिंह को चकमा दे गई, जो लाइन के पार एक बड़ा स्विंग करने से चूक गए। इससे पहले उन्होंने स्टोइनिस को बोल्ड किया था। डेब्यू करने वाले मुशीर खान को पंजाब किंग्स के इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में क्रीज पर भेजा गया। लेकिन युवा खिलाड़ी का पहला आईपीएल मैच निराशाजनक रहा और सुयश ने उन्हें एक और गुगली पर सिर्फ तीन गेंदों में उन्हें एलबीडब्ल्यूआउट कर दिया।



**आरसीबी इन आईपीएल फाईनलः**

# क्या आरसीबी फिर बनेगा आईपीएल फाइनल का चोकर?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल इतिहास की सबसे चर्चित और इमोशनल टीमों में शुमार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू एक बार फिर खिताब के मुहाने पर खड़ी है. 2009, 2011 और 2016 में फाइनल तक का सफर तय करने के बावजूद यह टीम खिताब से चूक गई थी.

आईपीएल की शुरुआत के बाद से अब तक एक पीढ़ी बदल गई है, लेकिन आरसीबी टीम आज तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है. इस बार आईपीएल में जिस तरह से खेली है, उसने कई रिकॉर्ड भी बनाए हैं. मसलन वो 18 सालों के इतिहास में पहली ऐसी टीम बनी, जिसने अपने सभी होम अवे (दूसरी वेन्यू) गेम जीते. यानी ई साला कप नामदे जिसका मतलब है कि इस साल कप हमारा है वाली बात सच साबित हो सकती है. ई साला कप नामदे कन्नड़ भाषा का स्लोगन है, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैन्स बीच बेहद पॉपुलर है. पंजाब को 29 मई को हुए क्वालिफायर 1 में पटखनी देने के बाद आरसीबी ने आईपीएल 2025 फाइनल का टिकट सिक्योर कर लिया है. ऐसे में आरसीबी की उम्मीदें एक बार फिर आसमान पर हैं, इस बार यह टीम नए कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में इतिहास रचने की दहलीज पर है. पर, आरसीबी की टीम के साथ इतिहास के पन्नों में तमाम किंतु जुड़े हुए हैं. ये पुराने पन्ने आरसीबी को आईपीएल फाइनल में मिली हार की याद दिला रहे हैं. क्या इस बार कप्तान पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी फाइनल के चोकर के टैग को मिटा पाएगी? या फिर ये फाइनल भी बीते फाइनल्स की तरह होगा, यह देखने वाली बात होगी. क्योंकि आईपीएल फाइनल में जाकर यह टीम चोकर बन जाती है. टीम के डरावने रिकॉर्ड इस बात की बानगी हैं. यानी एक बात साफ है कि आरसीबी कई बार आईपीएल चैम्पियनबनने की कगार पर पहुंची है, लेकिन फाइनल फ्रंटियर उनसे क्रॉस नहीं हुआ है.



ऐसे में यह सवाल होगा कि क्या इस बार यह टीम चोकर (चोकर का मतलब क्रिकेट के लिहास से उस टीम के लिए होता है जो अहम मौकों पर, खासकर बड़े मुकाबलों में या फाइनल में जीत के बेहद करीब पहुंचकर भी हार जाता है) का टैग हटा पाएगी या नहीं...

**एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिपः**

# अविनाश ने रचा इतिहास 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, मेडल टैली में भारत दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने गुरुवार को एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 साउथ कोरिया के गुमी में जारी है। भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस चैंपियनशिप में जीत के बाद साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था। ज्योति ने भी गोल्ड जीता ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था। भारत ने अब तक 14 मेडल जीते भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग कॉम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पॉइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था।




# आरसीबी से हार के बाद खिलाड़ियों को खुद पर संदेह करने से बचना चाहिए :गेंदबाजी कोच

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में खराब प्रदर्शन के बावजूद 11 साल में पहली बार फाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगाए पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह करने से बचें।

पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन बृहस्पतिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा। होप्स ने इस करारी शिकस्त के बाद कहा, 'हमारे बल्लेबाजों के लिए सबसे बुरी यह हो सकती है कि वे खुद पर संदेह करने लगे। उन्होंने कहा, 'हमने शुरुआती ओवर में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गंवाते रहे। यह जरूरी है कि हम इस प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। हमें कल (शुक्रवार) यात्रा करनी है और रविवार को एक और मैच खेलना है और अब हम इसे कठिन तरीके से करने जा रहे हैं।



उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हम मंगलवार रात (फाइनल) को फिर से आरसीबी से भिड़ेंगे। तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया अपनाया जिससे टीम 101 रन पर आउट हो गयी। चोट से वापसी कर रहे जोश हेजलवुड और लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने तीन-तीन विकेट लेकर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। होप्स ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमने बल्ले से बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन अब हमारे पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है। हमने दूसरा मौका पाने का अधिकार हासिल करने के लिए दो महीने से कुछ अधिक समय तक काम किया है और उम्मीद है कि हम इस मौके का फायदा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि टीम को अहमदाबाद की पिच रास आएगी।

होप्स ने कहा, 'ऐतिहासिक रूप से यह (अहमदाबाद) बल्लेबाजी के लिए एक बहुत अच्छी पिच है और हम जानते हैं कि हमें काफी मेहनत करनी होगी और काफी तेजी से रन बनाने होंगे।

**नॉर्वे शतरंजः**

# गुकेश ने कारुआना को हराया, चौथे राउंड के बाद मैग्नस कार्लसन सबसे आगे



**स्टावेंजर, एजेंसी।** विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई। पिछले दो राउंड में दो आर्मागेडन गेम हारने वाले नॉर्वेजियन सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एकल बढ़त बना ली।

विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश और विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना के बीच बाजी में, अमेरिकी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे, उनके पास जीतने के काफी मौके थे। हालांकि, गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के कारण वे अपने लाभ को भुना नहीं सके। इसके बाद गुकेश ने आर्मागेडन गेम को आसानी से जीत लिया। इससे पहले, विश्व चैंपियन गुकेश ने तीसरे राउंड में विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराया, और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने खिताब की दावेदारी को मजबूत किया। पहले दो राउंड में दो हार के बाद भारतीय प्रतिभा के लिए यह जीत इससे बेहतर पल नहीं हो सकती थी। नॉर्वे शतरंज के पहले दिन गुकेश को दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। फिर वह तनाव भरे अखिल भारतीय मुकाबले में अर्जुन एरिगैसी से हार गए, लेकिन विश्व चैंपियन ने तीसरे राउंड में नाकामुरा पर जीत और कारुआना के खिलाफ चौथे राउंड में जीत के साथ वापसी की।

चीनी स्टार वेई यी के खिलाफ विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा के बीच मुकाबला उनके क्लासिकल हिस्से में एक कड़ा, रोमांचक ड्रॉ रहा। वेई यी ने आखिरकार आर्मगेडन टाईब्रेक में जीत हासिल की, जिससे सभी महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक हासिल हुए। नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में एक और एक्शन से भरपूर दिन देखने को मिला, जिसमें नवागंतुक सरसादत खादेमालशारिह ने टिंगजी लेई के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। यह नॉर्वे शतरंज में उनकी पहली जीत थी, जो एक रोमांचक आक्रामक प्रदर्शन के माध्यम से हासिल की गई। शेष दो गेम, अन्ना मुजीचुक बनाम वैशाली रमेशबाबू, और विश्व चैंपियन वेनजुन जू बनाम हम्पी कोनेरू, आर्मगेडन में तय किए गए, जो महिलाओं के क्षेत्र की जबरदस्त प्रतिस्पर्धी प्रकृति को उजागर करता है, जहां हर अंक मायने रखता है।वैशाली रमेशबाबू और वेनजुन जू ने अपने आर्मगेडन मैचों में जीत हासिल की, जिससे महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक अर्जित किए। नॉर्वे शतरंज दुनिया के प्रमुख शतरंज टूर्नामेंटों में से एक है, जो एक विशिष्ट 6-खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को एक साथ लाता है।

**3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी ने ऐसे दिया पछाड़**

# हार गए वैभव सूर्यवंशी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के दौरान वैभव सूर्यवंशी का नाम छाया रहा है. छाए भी कैसे नहीं, इतनी विस्फोटक बैटिंग जो की है. सिर्फ 14 साल की उम्र में वो किया है, जो बड़े -बड़े खिलाड़ी नहीं कर सके हैं. राजस्थान रॉयल्स भले ही आईपीएल 2025 के ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई मगर वैभव सूर्यवंशी के लिए ये सीजन विन-विन वाला रहा है.

बहरहाल, हम यहां बात कर रहे उन्हें मिली हार. वैभव सूर्यवंशी को सिर्फ 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी ने हरा दिया है. अब आप सोच रहे होंगे कि वैभव को हार मिली तो किस चीज में? और किसने उन्हें हराया? आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स का सफर थमने के बाद वैभव सूर्यवंशी का सेलेक्शन अंडर 19 टीम में हुआ है. भारत की अंडर 19 टीम इंग्लैंड दौरा 24 जून से शुरू होने वाला है. जिसका हिस्सा वैभव सूर्यवंशी भी हैं. इंग्लैंड जाने से पहले इंडिया अंडर 19 टीम का कैंप बेंगलुरु में लगा है.



## 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी से हारे वैभव सूर्यवंशी!

अब आते हैं वैभव सूर्यवंशी को मिली हार पर. जिस मामले में 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी से हार का सामना करना है, उसका ताल्लुक आईपीएल 2025 के प्रदर्शन से ही जुड़ा है. दरअसल, एक वक्त वैभव सूर्यवंशी का स्ट्राइक रेट आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा था.

लेकिन, ग्रुप स्टेज के मुकाबले खत्म होने के बाद हाईएस्ट स्ट्राइक रेट की फाइनल लिस्टिंग में वैभव सूर्यवंशी पिछड़ गए. उन्हें 3 मैच खेलने वाले खिलाड़ी उरविल पटेल ने पछाड़ दिया.

## वैभव का स्ट्राइक रेट- 206.55, उरविल का 212.50 का

राजस्थान रॉयल्स से खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी का स्ट्राइक रेट अ 2025 में खेले 7 मैचों में 206.55 का रहा, वहीं सिर्फ 3 मैच खेलने वाले सीएसके के उरविल पटेल ने 212.50 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. इस तरह उरविल पटेल आईपीएल 2025 में सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज भी रहे. वहीं वैभव को नंबर 2 पर रहना पड़ा.

**इंडिया-इंग्लैंडः**

# समय से पहले इंग्लैंड पहुंचेगा भारत का सबसे अनुभवी बल्लेबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम में सबसे सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल 6 जून से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के लिए दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। राहुल सोमवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। 18 सदस्यीय टेस्ट टीम के सदस्य राहुल ने चयनकर्ताओं को सूचित किया कि वह अभ्यास मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि उनकी आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स क्वालिफायर के लिए क्वालिफाई करने में विफल रही थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, वह सोमवार को फ्लाइट लेंगे और इंडिया ए टीम के साथ दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। चूंकि वह सीनियर टीम का हिस्सा हैं, जो सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेलेगी, इसलिए इन मैचों से उन्हें गेम टाइम और मैच प्रैक्टिस मिलेगा।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रन से रौंदा

**बर्मिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के नए कप्तान के रूप में हैरी ब्रूक का कार्यकाल एजबेस्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में 238 रनों की बड़ी जीत के साथ शुरू हुआ। इंग्लैंड के शुरुआती 7 बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। एकदिवसीय मैचों में पहली बार हुआ था जब शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। ब्रूक उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने अर्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 400 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 27वें ओवर में 162 रन पर आउट कर दिया।

मध्यम गति के गेंदबाज साकिब महमूद (32 रन पर तीन विकेट) ने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जबकि तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन (22 रन पर तीन विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता किया। इंग्लैंड के पास रविवार को कार्डिफ में जीत के साथ सितंबर 2023 के बाद से पहली बार एकदिवसीय द्विपक्षीय श्रृंखला को अपने नाम करने का मौका होगा। इस श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को ओवल में होगा।



वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने तेज गेंदबाजों के लिए माकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया लेकिन उनके गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन से घरेलू टीम ने शुरुआत में ही दबदबा बना लिया। पहली बार एक साथ पारी का आगाज कर रहे बेन डकेट (60) और जैमी स्मिथ (37) सात ओवर में 64 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को तेज शुरुआत दिलाई। जो रूट ने 57 जबकि ब्रूक ने 58 रन का योगदान दिया। टीम की रनगति ने हालांकि उस समय उड़ान भरी जब बारबडोस में जन्में जैकब बेथल ने 53 गेंद में आठ चौके और पांच छक्के की मदद से 82 रन की पारी खेली।

इंडियन प्रीमियर लीग से यहां लौटे बेथल ने विल जैक्स (24 गेंद में 39 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 98 रन की विस्फोटक साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाये। टीम 12वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गवांकर मैच से लगभग बाहर हो चुकी थी। सबसे निचले 11वें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए सिल्स नाबाद 29 रन के साथ टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। होप ने 25 और केसी कार्टी ने 22 रन का योगदान दिया।

# हैरी ब्रूक ने 4000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए



**बर्मिंघम, एजेंसी।** हैरी ब्रूक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और अपने उभरते करियर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 26 वर्षीय ब्रूक ने बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे के दौरान 4,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए और सभी प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए 49वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। ब्रूक ने मैच में 45 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली जिससे इंग्लैंड को व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने में मदद मिली। उनके प्रदर्शन ने उनकी नेतृत्व क्षमता और एक भरोसेमंद मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में उनके महत्व को रेखांकित किया।